SHORT DURATION DISCUSSION - *Contd.*

Rising prices of essential items - *Contd.*

श्री राम नाथ ठाकुर (बिहार) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने महँगाई पर अल्पकालीन चर्चा करने का समय दिया है, उसके लिए मैं अपने दल की तरफ से और अपनी तरफ से आपको कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। महँगाई पर चर्चा के लिए 16 दिनों तक हाउस नहीं चला। मैं सरकार को बधाई देता हूँ और विरोधी पक्षों को भी बधाई देता हूँ कि आपस में मिल कर आज इस पर चर्चा करने का समय दिया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं समाजवादी विचार का आदमी हूँ। विरोधी पक्ष के जितने वक्ता बोले, मैं उनका सम्मान करता हूँ, और मेरे दिल में उनके प्रति बहुत श्रद्धा है, लेकिन महँगाई को रोकने के लिए जो सुझाव होने चाहिए, वे किसी माननीय सदस्य ने नहीं सुझाये। डा. राममनोहर लोहिया ने लोक सभा में कहा था कि जो सरकार महँगाई नहीं रोक पाती हो, नहीं घटा पाती हो, लेकिन जो दाम हैं, जो कि निश्चित हैं, उनको तो बाँधने का काम उसे करना चाहिए।

महोदय, मेरा एक सुझाव है। 'दाम बाँधो' नीति डा. राममनोहर लोहिया ने चलायी थी, उस नीति को लागू होना चाहिए। चावल, दाल, तेल, सब्जी पर जीएसटी लगा। मेरा सुझाव है कि आप विलासिता के सामानों पर जीएसटी लगाइए, लेकिन जो गरीब के लिए सब्जी, दाल, तेल, आटा है, इन पर आप नहीं लगाइए। ...**(व्यवधान)**... मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि सरकार एक सर्वेक्षण करा ले।

4.00 P.M.

आज महँगाई पर जो चर्चा हो रही है, 16 दिनों तक सदन नहीं चला, तो इस सदन का तो कुछ मैसेज बाहर जाना चाहिए। सरकार यह सर्वेक्षण कराए, जाँच कराए कि सीमेंट की बिक्री में कमी आई या नहीं आई, गिट्टी की बिक्री में कमी आई या नहीं आई, बालू की बिक्री में कमी आई या नहीं आई, मजदूरों की मजदूरी में कमी आई या नहीं आई, कपड़े की कितनी दुकानें बंद हुईं, दवा की कितनी दुकानें बंद हुईं, कितने सैलून बंद हुए, कितने होटल बंद हुए - सरकार के द्वारा इसका एक आकलन होना चाहिए और यह निर्णय होना चाहिए कि यह महँगाई का एक कारण है।...**(समय की घंटी)**... सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त, निःशुल्क, बिना काम के अनाज दे रही है। यूक्रेन की लड़ाई हुई, वहाँ से जो लोग आए, नौजवान आए, उन सबको सरकार ने बुलाया। आप उनको बुलाने का खर्च देख लीजिए। कोरोना के कारण 2 वर्ष भारत वर्ष की क्या स्थिति थी सबको मालूम है। भारत सरकार ने बहुत हिम्मत से कार्य किया । अब दशहरा, दीवाली एवं छठ पर्व आने वाला है। परिवार के बच्चे कहते हैं कि हमें दशहरा आने पर अच्छा कपड़ा मिलना चाहिए, पत्नी कहती है कि मुझे अच्छी साड़ी मिलनी चाहिए, छठ पर्व की जो सामग्रियाँ हैं, वे अच्छी मिलनी चाहिए। क्या उस गरीब परिवार के गार्जियन सब पूर्ति कर देते हैं? वे नहीं करते हैं। इसलिए गरीब की सोच रखने वाले सब लोगों को मिल कर एक उपाय ढूंढ़ना चाहिए और उनको इससे निजात दिलानी

चाहिए। गरीबों के बीच ऐसा मैसेज जाए कि हमारे लिए सोचने वाला कोई है। अगर कोई सोचने वाला नहीं है, तो बनना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : ठाकुर जी, अब आप समाप्त कीजिए। आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री राम नाथ ठाकुर : सर, आपने क्या कहा?

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : चूँकि आपका समय समाप्त हो गया है, इसलिए अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

श्री राम नाथ ठाकुर : सर, मैं आपके आदेश का पालन करता हूँ और इन शब्दों के साथ अपना भाषण समाप्त करता हूँ कि आइए, हम सब शोषित, पीड़ित, दलित, लांछित के बारे में सोचने वाले लोग एकजुट हों और सरकार उसमें सहयोग करे। शोषित पर अन्याय नहीं हो, गरीब पर अन्याय नहीं हो - इसके बारे में सोचें, समझें। मैं अपने दिल से यह कहना चाहता हूँ कि दाम बंधना चाहिए, महँगाई आगे नहीं बढ़नी चाहिए। जय हिन्द, जय भारत!

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : धन्यवाद। श्रीमती महुआ माजी।

श्रीमती महुआ माजी (झारखंड) **:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका हार्दिक धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। आज मेरी मेडन स्पीच है, इसलिए मैं विनम्र अनुरोध करूँगी कि मुझे कुछ अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया जाए।

मैं धरती आबा बिरसा मुंडा जी के उस झारखंड से आई हूँ, जिस धरती के नीचे अकूत खनिज संपदा है - कोयला, लोहा, यूरेनियम, बॉक्साइट और न जाने क्या-क्या है! इन्हें पूरे देश को सप्लाई किया जाता है, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उस धरती के ठीक ऊपर रहने वाले लोग बहुत गरीब हैं, अत्यंत गरीब हैं। आज हम अपनी माननीया राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को लेकर गौरवान्वित महसूस करते हैं। आज पूरा आदिवासी समाज आपकी तरफ बहुत ज्यादा आशा से देख रहा है कि निश्चित रूप से, उनकी समस्याएं दूर होंगी। महोदय, मैं यही कहना चाहूँगी कि अगर इस जीएसटी और महंगाई से कोई सबसे ज्यादा प्रभावित होगा, जिन पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा, वह आदिवासी समाज ही है। इसमें सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार और इनके जैसे जितने भी गरीब और आदिवासी बहुल प्रदेश हैं, वहाँ की तमाम महिलाओं, बच्चों और लोगों पर इसका प्रभाव पड़ेगा।

महोदय, चूँकि मैं महिला आयोग, झारखंड की अध्यक्ष रही हूँ और मुझे वहाँ कई सालों तक काम करने का अवसर मिला, इसलिए जो समस्याएं हैं, मैंने उन्हें ग्रास रूट लेवल पर देखा है, बहुत करीब से देखा है और उन्हें समझने की कोशिश की है। झारखंड और उस जैसे प्रदेशों की जो सबसे बड़ी समस्या है, वह माइग्रेशन की समस्या है। आप सभी जानते हैं कि वहाँ पर ह्यूमन ट्रैफिकिंग की समस्या कितनी बड़ी हैं। पन्ना लाल जैसे ट्रैफिकर्स, जो अभी जेल में है, उन्होंने सिर्फ

झारखंड से ही 15,000 लड़कियों की तस्करी की थी। वे लड़कियाँ क्यों अपना घर, माँ-बाप, गाँव छोड़कर दिल्ली, असम, हरियाणा, पंजाब और न जाने कहाँ-कहाँ जाकर मेहनत करती हैं? वे अपने घर से दूर, परिवार से दूर यहाँ दो पैसे कमाने के लिए आती हैं, क्योंकि वहाँ बहुत ज्यादा गरीबी है और अगर उन पर महंगाई की मार भी पड़ेगी, तो आप समझ सकते हैं कि उनका भविष्य क्या होगा। जब उन्हें ट्रैफिकर्स लेकर जाते हैं, तब वे उन्हें जिस काम के लिए बोलकर ले जाते हैं, वहाँ वही नहीं होता, बल्कि उनका शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, हर तरह का शोषण होता है। उनकी पीड़ा आप सभी जानते हैं। इसका प्रभाव हमारे देश के तमाम आदिवासी बहुल क्षेत्रों में होता है। आप जानते हैं कि मध्य प्रदेश में कितने सारे आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। वहाँ पर तरह-तरह के आदिवासी हैं। हमारे झारखंड में 32 जनजातियाँ हैं, जिनमें से सात प्रिमिटिव ट्राइब्स हैं। वे इतने गरीब हैं कि अभी तक उनकी स्थिति नहीं सुधरी है।

महोदय, मैं यह भी कहना चाहूँगी कि जो अनसेफ माइग्रेशन है, उससे केवल महिलाएं या पुरुष ही नहीं, बल्कि बच्चे भी बहुत ज्यादा प्रभावित होते हैं। हम स्कूल की बात करते हैं, स्कूल के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर देने की बात करते हैं, किताबें देने की बात करते हैं, हम उनके लिए आंगनवाड़ी केन्द्र, मिड-डे मील की बात करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि वहाँ पर कितने बच्चे जाते हैं? वे अपने माता-पिता के साथ दूसरे राज्यों में चले जाते हैं। उनका भविष्य अंधकार में है। उनका भविष्य कौन देखेगा? महोदय, ये सारी चीज़ें गरीबी और महंगाई की वजह से हैं। इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि एक व्यक्ति अपना घर-गाँव छोड़कर क्यों जाता है।

महोदय, मैं आपको बता दूँ कि हमारा पठारी इलाका है, जहाँ पर सिर्फ बारिश के दिनों में ही खेती होती है। वहाँ पर बाकी महीनों में आजीविका का कोई साधन नहीं है। वह दुर्गम क्षेत्र है। वे शहर नहीं जा सकते हैं और वहाँ आना-रहना भी बहुत महंगा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। वहाँ जाकर वे मजबूरी में काम करते हैं। ...**(समय की घंटी)**... उन्हें अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर में ले जाया जाता है, जहाँ पर उन्हें पता ही नहीं होता है कि उनके मालिक कौन हैं। महोदय, यह मेरी मेडन स्पीच है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): I will look into it.

श्रीमती महुआ माजी : जी, सर। महोदय, उन्हें अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर में पता ही नहीं होता है कि उनके मालिक कौन हैं। वे एक जगह से दूसरी जगह, दूसरी जगह से तीसरी जगह घूमते रहते हैं। जब उनके साथ दुर्घटना होती है, तब उन्हें पता ही नहीं होता है कि उनकी देख-रेख कौन करेगा। उनके लिए कोई बीमा पॉलिसी नहीं है, कुछ नहीं है और ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है।

आपको पता होगा कि वहाँ पर डायन प्रथा है। मैंने डायन प्रथा के पीछे की वजह भी देखी है। डायन कौन घोषित करता है? डायन प्रथा में महिलाओं को टॉर्चर किया जाता है, उनके नाखून उखाड़ दिये जाते हैं, बाल नोच दिये जाते हैं, उन्हें मैला पिलाया जाता है, उन्हें पूरे गाँव में नंगा करके घुमाया जाता है। उन्हें ओझा, गुणी, भोक्ताइन डायन करार देते हैं। आखिर क्यों लोग ओझा, गुणी की बात सुनते हैं? वे उनकी बात इसलिए सुनते हैं, क्योंकि जब वे बीमार पड़ते हैं, तब वे गरीबी की वजह से डॉक्टर के पास नहीं जा सकते, उनकी फीस नहीं दे सकते, ऐसे में वे झाड़-फूंक करवाने के लिए ओझा, गुणी के पास जाते हैं। जब झाड़-फूंक करने के बाद भी कोई बीमारी

ठीक नहीं होती, तो वे गाँव की किसी महिला को तुरंत डायन घोषित कर देते हैं और कहते हैं कि इन बीमारियों और इनकी मौत की वजह यह डायन है। यूनिसेफ की रिपोर्ट कहती है कि डायन उन लोगों को ज्यादा बोला जाता है, जो कुपोषण की वजह से कुबड़ी हो जाती हैं, जिनकी खाल काली पड़ जाती है, चमड़ी सिकुड़ जाती है। जो महिलाएं देखने में वीभत्स हो जाती हैं, ऐसी महिलाओं को डायन करार देना बहुत आसान होता है। महोदय, जहाँ ऐसे गरीब लोग हैं, वहाँ महंगाई को बढ़ाना कितना अन्याय होगा, यह ज़रा सोचने की बात है। मान्यवर, आपको पता होगा कि बच्चे आजकल अपराधी हो रहे हैं, नक्सली गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। **...(व्यवधान)...** सर, मैं रिक्वेस्ट करूँगी कि मुझे बोलने दिया जाए, क्योंकि छः साल में एक बार मुझे यह मौका मिलेगा। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आपको छः साल में एक बार नहीं, बल्कि आपको और भी मौके मिलेंगे, लेकिन ऐसा है कि **...(व्यवधान)...**

श्रीमती महुआ माजी : सर, मैं रिक्वेस्ट करूँगी। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please don't*...(Interruptions)...* Please don't*...(Interruptions)...*

श्रीमती महुआ माजी : सर, मैं एक बार रिक्वेस्ट करूँगी। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): When the Chair is speaking, don't cross talk. *...(Interruptions)...*

श्रीमती महुआ माजी : सर, यह मेरी मेडन स्पीच है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आज आपकी मेडन स्पीच है, आज की स्पीच का समय हम एक-दो मिनट तो बढ़ा देंगे, लेकिन मेडन **...(व्यवधान)...** Whatever the Chair is saying, you have to listen. *...(Interruptions)...* It is not wrong. *...(Interruptions)...* Don't evaluate. आपको एक-दो मिनट हम दे देंगे, लेकिन अगर आज हम इसको 15 मिनट करेंगे, तो फिर इसको फिनिश नहीं कर पाएँगे। **...(व्यवधान)...** जो बड़ी पार्टीज़ हैं, जैसे, रूलिंग पार्टी है, कांग्रेस है, इनके स्पीकर्स भी हैं। **...(व्यवधान)...**

श्रीमती महुआ माजी : सर, यह मेरी मेडन स्पीच है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आप दो मिनट में खत्म कीजिए। **...(व्यवधान)...**

श्रीमती महुआ माजी : सर, समय थोड़ा सा और बढ़ा दीजिए। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : बस, दो मिनट। **...(व्यवधान)...**

श्रीमती महुआ माजी : बच्चे अपराधी होते हैं, नक्सली गतिविधियों में शामिल होते हैं, क्योंकि वे गरीब हैं। अगर वे अपनी सब्जियों को लेकर बाजार जाएँगे, तो उसके लिए उनके पास पेट्रोल के पैसे नहीं हैं। ऊपर से यह महँगाई! आप सभी यह समझ सकते हैं कि आज़ादी के बाद पहली बार खाद्यान्नों पर इतना ज्यादा टैक्स बढ़ा है या उनकी कीमतें बढ़ी हैं। ऐसी कई आदिम जनजातियाँ हैं, जिनके लोग कभी जवान नहीं होते। वे बचपन के बाद सीधे बूढ़े हो जाते हैं। जब आप 30-40 साल के व्यक्ति को देखेंगे, तो ऐसा लगेगा कि वे कितने बूढ़े हो गए हैं।

सर, आपको पता होगा कि हमारे देश में एक क्षेत्र के विकास की कहानी दूसरे क्षेत्र के विनाश की कहानी पर आधारित होती है। हमारे यहाँ कोयला, लोहा, बॉक्साइट, यूरेनियम और तमाम खनिजों का जो खनन होता है, उसका दुष्प्रभाव वहाँ के लोगों पर पड़ता है, जिसके लिए उनको अतिरिक्त पोषक खाद्य-पदार्थों की जरूरत होती है, लेकिन महँगाई की मार के कारण वे उन्हें नहीं ले पाते। लघु वनोपज, जिन पर आदिवासियों का अधिकार है, उसको भी वन अधिनियम के अंतर्गत लाकर उनका तरह-तरह से टॉर्चर होता है, जिसके कारण वे उन्हें भी नहीं ले पाते। आपको पता होगा कि खुखड़ी, रुगड़ा, घोंघा ऐसी चीज़ें हैं, जिनमें प्रोटीन होता है, लेकिन जंगल में भी कई जगहों पर जाना उनके लिए प्रतिबंधित हो गया है। उनको पोषक आहार नहीं मिलता है, जिसकी वजह से उनकी हेल्थ दिन-पर-दिन डाउन होती चली जा रही है।

सर, मैं आपको बता दूँ कि वहाँ से कोयला तो प्राप्त होता है, लेकिन केन्द्र सरकार की कोल कंपनियों के पास रॉयल्टी का जो 1,36,000 करोड़ रुपये बकाया है, वह केन्द्र सरकार हमारे राज्य को नहीं देती है और ऊपर से डीवीसी के 8,000 करोड़ रुपये वसूलने के लिए हमारी बिजली काट दी जाती है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : धन्यवाद।

श्रीमती महुआ माजी : महोदय, मैं बस थोड़ा सा और बोलना चाहूँगी।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : नहीं, आपको पढ़ने की जरूरत नहीं है। For your information, let me just repeat it. शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन और कॉलिंग अटेंशन में मेडन स्पीच नहीं होती है। आप बाद में बोलिएगा। आपको बाद में मौका दिया जाएगा। अब आप समाप्त कीजिए।

श्रीमती महुआ माजी : सर, मुझे मेडन स्पीच का मौका मिलेगा?

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : हाँ, बाद में मिलेगा। लेकिन, शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कशन और कॉलिंग अटेंशन में नहीं मिलेगा।

श्रीमती महुआ माजी : सर, मैं थोड़ा सा और बोलती हूँ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : अब आप समाप्त कीजिए।

श्रीमती महुआ माजी : देखिए, हम एक तरफ जंगल काटने की बात करते हैं, तो 'उज्ज्वला योजना' के तहत आदिवासियों को जो सिलेंडर और गैस चूल्हा दिया गया, वह अब कबाड़खाने में पड़ा हुआ है। गैस की कीमतें इतनी महँगी हो गईं कि वे उसको खरीद नहीं सकते हैं।

महोदय, मैं सच कह रही हूँ और सच के बारे में प्रसिद्ध मार्क्सवादी विचारक Antonio Gramsci ने कहा था - "Telling the truth is always revolutionary." मुझे लगता है कि इस महँगाई के कारण से ही सोशल रिवोल्ट हो सकता है, क्योंकि इसका दूर-दूर तक असर पड़ता है। इसके परिणाम बहुत भयानक भी हो सकते हैं। अंग्रेज़ों के खिलाफ, जमींदारों और महाजनों के खिलाफ कई क्रांतियाँ हुई हैं। उन क्रांतियों में बिरसा मुंडा, सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव के साथ-साथ बहुत सारी महिलाएँ भी शामिल थीं, जिनमें सिनगी दई, कइली दई, फूलो और झानो आदि प्रमुख हैं। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA)**:** The next speaker*...(Interruptions)...* अब मैं दूसरे स्पीकर को बुला रहा हूँ। **...(व्यवधान)...**

श्रीमती महुआ माजी : सर, दो मिनट। सर, आपको पता होगा कि ब्रिटिश पीरियड में बंगाल में भयानक अकाल पड़ा था।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आप बाद में बोल लीजिएगा, आपको समय मिलेगा।

श्रीमती महुआ माजी : अमर्त्य सेन जैसे नोबेल लॉरिएट और इकोनॉमिस्ट ने कहा था कि ब्रिटिश शासकों की गलत नीतियों की वजह से वह एक मैन-मेड अकाल था। **...(व्यवधान)...** सर, मैं यह कहना चाहती हूँ कि वही बात यहाँ दोहराई जा रही है। **...(व्यवधान)...**

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : अब आप बैठ जाइए।

श्रीमती महुआ माजी : अगर कीमतें कम नहीं की जाएँगी, तो जो हालत आज श्रीलंका की है, वही हालत हमारे देश की होने वाली है। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA)**:** The next speaker is, Shri Abdul Wahab. *...(Interruptions)...* Not present. *...(Interruptions)..* Shri Birendra Prasad Baishya. *...(Interruptions)...*

श्रीमती महुआ माजी : सर, मुझे लगता है **...(व्यवधान)...** हमारे राज्य में जिस तरह से **...(व्यवधान)...** के लिए पैसे हैं, लेकिन हम गरीबों के लिए पैसे नहीं हैं, इसलिए इस पर ध्यान दिया जाए। **...(व्यवधान)...**

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Sir, I have a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Are you yielding? ...*(Interruptions)*... Under which Rule?

DR. M. THAMBIDURAI: It is regarding the procedure. We have four Members in our Party but they are not at all calling our name. I have requested them so many times. My name is not at all called.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): You may come in the Chamber. It will be discussed. You may show the rule. Your name is there. Now, Shri Birendra Prasad Baishya.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you for allowing me to take part in today's Short Duration Discussion on price rise of essential commodities. The subject is very important. For the last 16 days, the House could not function discussing any Bill or any issue. As assured by the Leader of the House, the Parliamentary Affairs Minister, in consultation with the Opposition, time is allotted today to discuss this topic.

Sir, today, the world economy is passing through a critical time. Due to corona and Ukraine-Russia war, the world economy today is passing through a critical phase. Today, the growth percentage of a super power country like the USA is declined. The banking industry in China today is facing a serious threat due to non-payment by builders and real estate businessmen. In this critical time, due to corona and Ukraine war, inflation is at seven per cent in our country. No doubt it is high, but in this critical time, when the world is passing through critical economic times due to Ukraine war and corona, there is seven per cent inflation. Although it is high, yet I must compliment the Government that in this critical time, they have maintained it well. Sir, we should remember one thing. Under the leadership of Narendra Modi Government, now one ration card is issued in our country. One ration card is applicable in the entire country. It is really helpful to migrant workers. During the corona time, we have seen sufferings and problems of migrant workers. They walked hundreds of kilometres without food and water. But, after the 'One Nation One Ration Card' scheme is introduced by Narendra Modi Government, the migrant workers got benefit. Any worker, maybe from Kerala and moving to Assam, will get food in the State. I must give compliments to the Government. *(Time-bell rings)* Sir, the Government has given free food to 80 crore people. This is another wonderful job

done by our Government. Sir, I would like to say one thing because my time is very short.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please make it your last point.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: The inflation is 7 per cent due to food inflation and petroleum price rise. Now, in the entire world, food inflation has declined. Everywhere food inflation has declined today. We hope that very soon, under the leadership of this Government, inflation, food inflation, in our country would come down. We do not have a common tax structure for the petroleum products. For example, for diesel and petrol, the same price is not applicable in every part of India. In Delhi, the rate is different; in Maharasthra, the rate is different and in Kerala, the rate is different. The only one reason is that we do not have a common tax structure. I would like to request hon. Finance Minister to kindly introduce a common tax structure all over India to control the petrol price and diesel price; there should be a common price in every part of the India.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Sir, there is one more point about G.S.T. I have one request through this House and through you to the G.S.T. Council. Small tea grower in Assam and the North Eastern Region -- it is known to you, Sir -- plays a very important role in the socio-economical development of our region. Small tea grower is unemployed but by opening some small tea garden, they survive. They get their food, they get their house because they are surviving through the tea growth. So, I would like to request the G.S.T. Council to kindly consider withdrawing the G.S.T. against the small tea grower.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Dr. Sudhanshu Trivedi.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Sir, with these words, I hope the Government would seriously consider it, especially, about the small tea growers of the North Eastern Region and the Government would withdraw the G.S.T. on the small tea growers. Thank you, Sir.

डा. सुधांशु त्रिवेदी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम सब महंगाई के गंभीर विषय पर चर्चा करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। विगत कई दिनों के उग्र वाक्युद्ध के बाद आज यह चर्चा हो रही है और चर्चा के दौरान भी हमने देखा कि विपक्ष के कई सदस्यों का बड़ा आक्रोश, आवेग और नयनसुख की कथा, सभी चीज़ें व्यक्त की गईं, परन्तु अभी कुछ देर पूर्व एक दृश्य सदन में दिखा था, जब ऐसा लगा था कि वह नयन को सुख देने वाला नहीं था, क्योंकि विपक्ष की लगभग सारी सीटें खाली नज़र आ रही थीं। परन्तु अच्छा हुआ कि विपक्ष ने अपनी जगह पहचान ली और समय रहते हुए आंशिक रूप से उसकी भरपाई कर दी।...**(व्यवधान)**... अब मैं यह कहना चाहता हूं...**(व्यवधान)**... मैं विषय पर ही आ रहा हूं। विषय सुनने वालों के मन में विषय के प्रति कितना आगाध स्नेह था, यह उनके उस कार्य से दिख रहा था। अब मैं विषय पर आता हूं। महंगाई का विषय बहुत व्यापक है, इसलिए इसको गंभीरता और व्यापकता से समझने की आवश्यकता है। आज यह बताया जा रहा है कि महंगाई बहुत गंभीर स्थिति में है, परन्तु मैं याद दिलाना चाहता हूं कि 2019 का लोक सभा चुनाव एकमात्र ऐसा चुनाव था, जिसमें महंगाई मुद्दा नहीं थी। 2004 का लोक सभा चुनाव छोड़ दें, अन्यथा हर चुनाव में महंगाई मुद्दा होती थी। आज की महंगाई की हम बात करें, तो भारत में अगस्त महीने का जो रेट ऑफ इन्फलेशन है, वह 7.01 प्रतिशत है। अब यदि हमें महंगाई को पूरी तरह समझना है, तो थोड़ा इसको व्यापक रूप से समझना होगा।

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

महोदय, मैं अपने विपक्ष के सदस्यों से कहूंगा कि वे ज़रा इस बात पर मुलाहिज़ा फ़रमाएंगे कि इस समय विश्व में महंगाई की दर इटली में 7.9 प्रतिशत है, जर्मनी 7.5 प्रतिशत है, कनाडा में 8.1 प्रतिशत है, यूरोपियन यूनियन में 8.9 परसेंट है।...**(व्यवधान)**... मैं सोर्स के साथ बोलूंगा। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... No running commentary. ...*(Interruptions)*...

डा. सुधांशु त्रिवेदी : यू.एस. में 9.1 परसेंट है, ब्रिटेन में 9.4 परसेंट है।...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: This will not go on record. ...*(Interruptions)*... Why are you wasting your energies? ...*(Interruptions)*...

डा. सुधांशु त्रिवेदी : स्पेन में 10.8 परसेंट है।...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*... Sit down. ...*(Interruptions)*... What is the source of your raising this issue? ...*(Interruptions)*... No, no. ...*(Interruptions)*... No, no; it will not go on record. ...*(Interruptions)*... You are

wasting the time. ...*(Interruptions)*... We have hardly thirty-six minutes' time. ...*(Interruptions)*...

DR. SUDHANSHU TRIVEDI: Let me complete the sentence, Sir. ...*(Interruptions)*... चीन में 2.5 परसेंट है। चीन में इसलिए कम है, क्योंकि उनके कन्ज़्यूमर प्राइस इंडेक्स का क्राइटीरिया है, उसमें उन्होंने फूड और क्लोदिंग को ज्यादा महत्व दिया है। And the source for China is South China Morning Post. उन्होंने अपनी रिपोर्ट में इस बात को दर्ज किया है। अब मैं महंगाई की दर पर कुछ कहना चाहता हूं। आज यह कोई मुश्किल बात नहीं है कि दुनिया के अन्य देशों में महंगाई की दर क्या है, आप जाकर चैक कर लीजिए। भारत में महंगाई की दर 7 प्रतिशत है। दुनिया में 63 देश ऐसे हैं, जहां महंगाई की दर 10 प्रतिशत से ऊपर है। इतना ही नहीं है, बल्कि कुछ देशों में 50 परसेंट, 100 परसेंट और कुछ देशों में 200 परसेंट भी महंगाई की दर है। इसके बावजूद हमारे देश में 7 प्रतिशत महंगाई का रेट है। महंगाई है, मैं इससे इन्कार नहीं करता हूं। अब मैं आपको और भी सोर्स के साथ बताता हूं। समस्या इतनी भी व्यापक नहीं है। आप इसकी व्यापकता पर ध्यान दीजिए। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका, उसने पहली बार अपना स्ट्रेटेजिक ऑयल रिज़र्व खोला in order to curtail inflation, and the source is 23 नवम्बर, 2021 व्हाइट हाउस की प्रेस रिलीज़। बताइए, आपको ज्ञात इतिहास में ध्यान हो, हमारे विपक्ष में बहुत बड़े-बड़े विद्वान ज्ञाता लोग हैं, जब उन्हें याद हो कि अमेरिका ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए अपना स्ट्रेटेजिक ऑयल रिज़र्व खोला हो और उसे खोलने के बाद कितना अंतर आया है। अमेरिका के एनर्जी डिपार्टमेंट की प्रेस रिलीज़ 26 जुलाई, 2022 यह कहती है कि स्ट्रेटेजिक ऑयल रिज़र्व खोलने के बाद भी 40 सेंट पर गैलन ही कम हुआ है। यानी समस्या कितनी व्यापक और गहरी है, उसे समझने के लिए यह आवश्यक है...**(व्यवधान)**...साहब, मैं टू द प्वाइंट बोल रहा हूं। जब आप बात करने का प्रयास करते हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : आप उनसे आर्ग्यू मत करिए।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : समस्या कितनी व्यापक है, उसको समझने का प्रयास कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : आप उनसे आर्ग्यू मत करिए।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : सब्जेक्ट है - महंगाई और मैं महंगाई की बात के संबंध में यह भी कह रहा हूं कि हमारे विपक्ष के सबसे प्रमुख नेता ने जिस धरती से जाकर ज्ञान दिया था, उस धरती में, ब्रिटेन में वह 9.4 परसेंट है। यह बताइए कि वहां से जाकर महंगाई की बात हमने की थी ...**(व्यवधान)**... हम विषय पर बात कर रहे हैं और इसलिए विषय पर बात कर रहे हैं, चूंकि आपने वहीं से जाकर महंगाई के बारे में सबसे पहले बताया। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : प्लीज़ ...**(व्यवधान)**...

डा. सुधांशु त्रिवेदी : अब मैं यह भी बताता हूं कि विश्व में महंगाई की यह समस्या सिर्फ इतनी नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : जी, मैं बिल्कुल बता रहा हूं। देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया में भी क्या स्थिति है, यह समझने की जरूरत है। आप हमारे मकान की मजबूती की बात कर रहे हैं, तो ज़लजले पर भी नज़र डालिए। चाइना के अंदर भी, मीडिया में यह रिपोर्ट है कि कितने बैंक हैं, जिन्होंने अपनी पेमेंट डिफॉल्ट कर दी, उसका लोक सभा में वित्त मंत्री महोदया ने विवरण दिया है। हुनान प्रोविन्स में यह भी रिपोर्ट है कि बैंकों के बाहर टैंक लगाने पड़े। यानी विश्व में चारों तरफ अर्थव्यवस्था की यह स्थिति है और समस्या सिर्फ इतनी नहीं है। आज यह कहा जा रहा है कि हम लोग मंदी की तरफ जा रहे हैं। सभापति महोदय, महंगाई से बड़ा विषय मंदी का है। मैं इस पर सोर्स के साथ बोल रहा हूं कि ब्लूमबर्ग की भारत सहित पूरी दुनिया के देशों के बारे में मंदी की रिपोर्ट भी उपलब्ध है, जिसके अनुसार इस समय अमेरिका के मंदी में जाने की संभावना 38 प्रतिशत है, यूरोपियन यूनियन की 50 प्रतिशत है, चीन की 20 प्रतिशत है, ऑस्ट्रेलिया की 20 प्रतिशत है और साउथ कोरिया और जापान की 25 प्रतिशत है। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... Then I have to call you, and name you and whoever makes running commentary. ...*(Interruptions)*... प्लीज़ इससे बचिए। मेरी सभी के लिए यह सूचना है। आप दूसरे के बारे में कमेंट मत करिए।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : ब्लूमबर्ग के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने की संभावना है - ज़ीरो परसेंट। ...**(व्यवधान)**... मैं विषय पर आ रहा हूं। मैं विषय क्यों बता रहा था? हमारी हालत तो यह है कि समुद्र में सुनामी आई हुई है, अगल-बगल के जहाज पलटे गिरे जा रहे हैं तथा हमारा कैप्टन कितनी सावधानी के साथ जहाज को लेकर आगे जा रहा है और ये कह रहे हैं कि अगल-बगल के पलटते जहाजों को मत देखो, हमारे जहाज पर आते हुए हिचकोले को देखो। मैं कहना चाहूंगा कि हमारे प्रधान मंत्री मोदी जी इस प्रकार की परिस्थितियों के आदी रहे हैं। विपक्ष चाहे जितने भी कांटे बिछाता रहे और कितनी भी विपरीत परिस्थितियां हों, मैं उनके लिए एक पंक्ति कहना चाहूंगा:

"वह पथ क्या पथिक कुशलता क्या, जिस पथ पर बिखरे शूल न हों,
नाविक की धैर्य परीक्षा क्या, जब धाराएँ प्रतिकूल न हों।"

इतनी प्रतिकूल धारा में हम अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे आगे ले जा रहे हैं? अब अगली बात आती है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की वैल्यू कम हो रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये की वैल्यू क्यों कम हो रही है और वास्तविकता में रुपये की स्थिति क्या है, यह भी मैं आपको बताना चाहता हूं। प्रकाश जी ने इस समय, इस विषय का थोड़ा सा जिक्र किया कि चाइना की करेन्सी के

मुकाबले रुपया स्थिर है येन के मुकाबले रुपया बेहतर हुआ है, स्टर्लिंग पाउंड के मुकाबले स्थिर है और यूरो के मुकाबले थोड़ा इम्प्रूव हुआ है। आप सिर्फ अमेरिका केंद्रित मानसिकता से थोड़ा बाहर आइए, उसके बाद भी आपको दिखेगा कि वास्तविकता क्या है। महोदय, अमेरिका में भी डॉलर के मुकाबले हमारे रुपये की वैल्यू क्यों कम हो रही है? वह इसलिए हो रही है क्योंकि अमेरिका अपने डॉलर का मूल्य बढ़ा रहा है। महोदय, मैं फिर क्वोट कर रहा हूं, यह 27 जुलाई, 2022 की सीएनबीसी की रिलीज़ है, वह कहता है कि, Fed - Federal Reserve hiked the interest rate by 0.75 per cent point for the second consecutive term in order to contain inflation. वे अपनी महंगाई को बचाने के लिए लगातार दूसरी बार 0.75 परसेंट प्वाइंट की बढ़ोतरी कर रहे हैं, अतः आपको इस कारण से डॉलर के मूल्य में यह अंतर नज़र आ रहा है, इसीलिए चाहे येन हो, यूरो हो या स्टर्लिंग हो - वह अंतर नज़र नहीं आता है। भारत में हमने क्या किया? मोदी जी के नेतृत्व में निर्मला जी जो काम कर रही हैं, उसमें हमारी स्थिति क्यों बेहतर है, मैं उसका भी कारण बताना चाहता हूं। महोदय, उसका कारण यह है कि हमारे यहाँ महंगाई और विकास दर, ये दोनों इसलिए संतुलित हैं, क्योंकि हम विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जिसका debt-to-GDP ratio सबसे कम है, जबकि बाकी सभी अर्थव्यवस्थाओं का debt-to-GDP ratio हंड्रेड परसेंट से ऊपर है।

महोदय, इतना ही नहीं, महंगाई को नियंत्रित करने के लिए यह जरूरी था कि हमारी पूरी अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार हो और उस मजबूत आधार के लिए दि इकोनॉमिस्ट, जिन्होंने क्वोट करते हुए भारत के बारे में लिखा है कि पाँच प्रमुख कारण रहे, जिनकी वजह से भारत इस परिस्थिति में भी महंगाई और रिसेशन के दौर में नहीं जा पा रहा है। उन्होंने पहला कारण यह बताया कि हमने सिंगल मार्किट यानी जीएसटी क्रिएट किया। उन्होंने दूसरा कारण यह बताया कि expansion of the industry but with a shift towards renewable energy, सोलर एनर्जी से लेकर हाइड्रोजन एनर्जी तक के लिए क्या हो रहा है, वह हम सबको पता है, फिर moving of supply chains away from China, चूंकि आज चीन के अंदर जो हो रहा है, उस कारण से तमाम प्रोडक्ट्स की सप्लाई चेन पर प्रभाव पड़ रहा है, दुनिया के अन्य देश प्रभावित हो रहे हैं, परंतु भारत ने स्वयं को उससे बचाने में सफलता हासिल की है। And the prominent use of IT, हमने आई.टी. का जो यूज़ किया है, जन-धन, मोबाइल आदि कारणों से भी काफी हद तक गतिशीलता बनी हुई है। And, the high welfare society, इन विपरीत परिस्थितियों में गरीबों के लिए किस प्रकार से जन कल्याणकारी योजनाएं चलानी चाहिए - उस कारण से भी हमारी स्थिति अच्छी है और इसीलिए इंटरनेशनल इकॉनोमिक रेज़िलियेंस की रैंक में हमारा रैंक बढ़ने के बारे में यह भविष्यवाणी की गई है कि हो सकता है के जर्मनी और कनाडा के बाद अब भारत की सबसे बेहतर इंटरनेशनल इकॉनोमिक रेज़िलियेंस की दृष्टि से सेकंड रैंक पर पहुंचने की संभावना है। इस कारण से ..**(व्यवधान)**..

श्री सभापति : सुधांशु जी, आपका टाइम समाप्त हो रहा है।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : सभापति जी, मुझे तो पंद्रह मिनट बताए गए थे।

श्री सभापति : आपको बताया है, लेकिन इसमें दस मिनट हैं। ..**(व्यवधान)**..

डा. सुधांशु त्रिवेदी : उसके बाद मैं यह बताना चाहता हूं - महोदय, मैं दो-तीन मिनट और लूंगा।

श्री सभापति : दो-तीन मिनट नहीं हैं, सिर्फ एक मिनट है। मुझे आपको पाँच मिनट देने में कोई आपत्ति नहीं है, मगर except BJP and Congress parties almost सबका समय समाप्त हो चुका है। कुछ पार्टियाँ सुबह नाम नहीं दे पाई थीं, वे अभी नाम दे रही हैं, इसलिए अगर एक-एक मिनट का समय देंगे, तो उसमें भी समय लगेगा।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : सभापति जी, हमारे पूर्ववर्ती वक्ता ने अपना भाषण समय से पहले समाप्त कर दिया था।

श्री सभापति : ऐसा नहीं है।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : सभापति जी, मैं जल्दी समाप्त करने का प्रयास करता हूं।

श्री सभापति : आप सामर्थ्यवान हैं, आपको प्रयास करने की जरूरत नहीं है। आप अपनी स्पीच दीजिए।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : उसके बाद भी हमारा फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व इस समय ऑल टाइम हाई है, all time high foreign direct investment है। इसके बावजूद, यह भी यथार्थ है कि कुछ काम ऐसे हैं, जो सिर्फ केंद्र सरकार कर रही है, राज्य सरकारें नहीं कर रही हैं, जैसे 80 करोड़ लोगों को अनाज देना, सबको मुफ्त टीका लगवाना, चीन की सीमा के ऊपर भारी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना, क्योंकि वहाँ पर सामान्य रूप से कई गुना ज्यादा कॉस्ट आती है।

महोदय, मैं यहाँ पर भी कहना चाहूंगा कि अगर आप पूरे तरीके से, घर के अंदर भी एनालिसिस करना चाहें, तो हम यह भी बताना चाहेंगे कि इस समय कुछ राज्य ऐसे हैं, जिनकी परसेंटेज ऑफ इन्फ्लेशन राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। मैं अपने विपक्षी सदस्यों को बता देना चाहता हूं कि इसका Edelweiss source है। इनमें तेलंगाना है, जिसका 9.4 प्रतिशत है, बंगाल का 8.27 परसेंट है और राजस्थान का 7.36 प्रतिशत है। हम विराट दृष्टि से देखें या सूक्ष्म दृष्टि से देखें, हमें दोनों दृष्टियों से यह समस्या समझ में आ रही है, परंतु सभापति महोदय, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जब महंगाई की बात होती है, तो सिर्फ पिछली सरकार के ज़माने की बातें नहीं बताई जातीं, बल्कि हम लोगों से यह कहा जाता है - आज तो यू-ट्यूब पर लोगों के वीडियो भी खूब अवेलेबल हैं, ऐसा बताया जाता है कि पचास साल की सबसे बड़ी महंगाई, पचास साल की सबसे बुरी अर्थव्यवस्था। सभापति महोदय, मुझे याद आता है कि हम 2022 में हैं। ठीक 50 साल पहले 1972 में क्या था, आज रेट ऑफ ग्रोथ 8.5 परसेंट है और उस समय क्या थी-माइनस 0.55 परसेंट। केवल इतना ही नहीं था, याद करिये, उस समय रेट ऑफ इन्फ्लेशन कितना था, 16 परसेंट, 28 परसेंट का रेट ऑफ इन्फ्लेशन था, सन् 1991 में सोना गिरवी रखा गया। वे कहते हैं कि उससे बुरी स्थिति थी, इसलिए मेरा मानना है कि जो बातें कही जा रही हैं, वह यथार्थ पर कहें।

मैं समराइज़ करते हुए कहना चाहूंगा, हमारे विरोधियों में महंगाई को लेकर कितनी शिद्दत है। हमें ध्यान आता है, अभी कुछ दिन पहले कांग्रेस पार्टी की तरफ से एक प्रैस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें जिक्र किया गया। एक साल पहले जयपुर में महंगाई के लिए एक रैली की थी, मगर उस रैली की महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस के चिरयुवा नेता ने 10 मिनट हिन्दू बनाम हिन्दुत्व पर भाषण दिया था। यानी यह दर्शाता है कि दिल में क्या है और वास्तविकता में क्या है, परन्तु इससे मुझे एक बात याद आई। मुझे लगा कि उनकी सोच बहुत सही थी...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Sudhanshuji, I have to call the other Member. ...*(Interruptions)*.. I am sorry. Please.

डा. सुधांशु त्रिवेदी : बस मैं समाप्त करता हूं।

श्री सभापति : हां, करिये।

डा. सुधांशु त्रिवेदी : बस दो लाइनों में समाप्त कर रहा हूं। याद करिये, जिस जमाने में उनकी लगातार सरकारें थीं तो रेट ऑफ ग्रोथ दो परसेंट था, जिसमें हम लोगों का मजाक बनाया जाता था, कहा जाता था कि यह दो परसेंट हिन्दू ग्रोथ रेट है और अब जो 8.5 परसेंट है, यह हिन्दुत्व का ग्रोथ रेट है। इसलिए यह अंतर है, जो इनको समझ में नहीं आता है।

अन्त में मैं सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि तुलनात्मक दृष्टि से बहुत सारे आंकड़े थे, उनमें न जाते हुए, हां, शक्तिसिंह जी ने कहा कि ईमानदारी से स्वीकार करिये कि महंगाई है, हम कहते हैं कि हां, बिल्कुल है जनाब, मगर इस समय चमन में बहार का नहीं, ख़िजां का माहौल है, इसके बावजूद हमारे माली ने जिस ढंग से उसे सींचने का प्रयास किया है और आपने जो किया था, उसके संबंध में ये पंक्तियां कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। महंगाई को लेकर जनता को जो थोड़ा कष्ट हो रहा है, उसके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मैं कह रहा हूं:

'चमन को सींचने में पत्तियां कुछ गिर गई होंगी,
यही इल्जाम लग रहा है, हम पर बेवफाई का।
मगर कलियों को जिसने रौंद डाला, अपने हाथों से,
वही दावा करे हैं, अब चमन की रहनुमाई का।'

धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please. प्लीज़ सुनिये। If you are not interested, then I will call the Finance Minister and close the discussion. If you are not interested, if you don't have the patience to hear others and you become patient to make running commentary, I feel sorry for the same. There is also another wrong impression, I was watching sitting there that some Members are saying that it is our maiden speech. बी.जे.पी में 6 लोग कह रहे हैं कि हमारी मेडन स्पीच है। इसमें मेडन स्पीच होती नहीं। Please understand. शॉर्ट नोटिस डिस्कशन में और कॉलिंग अटेंशन में मेडन स्पीच नहीं होती। बजट

डिस्कशन में और लॉर्जर डिस्कशन जो होता है, उसमें मेडन स्पीच होती है। Please understand. मेडन माने, you have entered just now. Have patience, you have another five years and odd time. So, enough opportunities you will get. Please keep that in mind. Madam Rajani Ashokrao Patil.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल (महाराष्ट्र) : धन्यवाद, सर। बहुत दुख के साथ मैं अपना यह गहना पहन रही हूं। मेरा यह स्वभाव नहीं है कि मैं यह पहनूं, लेकिन जिन मध्यमवर्गीय महिलाओं को मैं रीप्रेज़ेंट करती हूं...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*.. This is not allowed. ...*(Interruptions)*.. Then I will have to call the other Member. ...*(Interruptions)*..

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : जिन मध्यमवर्गीय महिलाओं को मैं रीप्रेज़ेंट करती हूं...**(व्यवधान)**... * ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : प्लीज़, यह तरीका नहीं है, हाउस में आकर यह अधिकार है क्या?

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : हां। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : नहीं। जरा इन्हें समझाइये। ...**(व्यवधान)**...

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : देश की 50 करोड़ महिलाओं को मैं यह दर्शाना चाहती हूं।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : यह रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा।...**(व्यवधान)**...* यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। नहीं दिखाएंगे। ...**(व्यवधान)**...Then I will have to call the other Member. Ranjeet Ranjanji. ...*(Interruptions)*.. No exhibition of articles is allowed inside the House. ...*(Interruptions)*.. That is very clear in the rules. ...*(Interruptions)*.. There are precedents and there are a number of rulings.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : ठीक है। मैं इसको दिखाना चाहती हूं, यह महिलाओं की परेशानी है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : इसको दिखाना नहीं, अगर किसी ने देखा है तो वह भी भूल जाइये। ...**(व्यवधान)**... No you have to remove that and speak and utilize your time. ...*(Interruptions)*.. You have already done it. ...*(Interruptions)*..

---

* Not recorded.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : लेकिन मैं यह दिखाना चाहती हूं कि यह महंगाई है।

श्री सभापति: ऐसा मत करिये। Otherwise, I have to call the next speaker. ...*(Interruptions)*.. The next speaker is..

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : अभी हमारे भाई भारतीय जनता पार्टी के सुधांशु त्रिवेदी जी ने इंटरनेशनल भाषण किया और देश और प्रदेश की भाषा उन्होंने बताई। मैं इसीलिए थोड़ा सा व्यथित होकर यह गहना पहन रही थी, क्योंकि मैं इस देश की मध्यमवर्गीय महिलाओं को रीप्रेज़ेंट करती हूं। मैं आपके द्वारा इस देश को और इस सभा गृह को यह बताने की कोशिश कर रही थी कि इस देश की जो महिला है, वह आक्रोशित है, वह बहुत व्यथित है। जिस तरह से महँगाई बढ़ रही है, हमें आपके बड़े-बड़े आँकड़े नहीं पता होते हैं, हमें नहीं पता होता है कि आप किस तरह से कौन सी भाषा बोल रहे हैं, लेकिन हमें यह मालूम है कि सरकार जिस तरह से गुमराह करने की कोशिश कर रही है, हम उसके लिए चंद लाइनें बताना चाहते हैं।

" सरकार कहती है 'सब चंगा सी',
लेकिन धरातल पर है त्राहि-त्राहि।

आँकड़ों को कर अनदेखा,
जनता से छुपाते सच्चाई,
खुद को बड़ा बता तथ्य से,
झूठी उम्मीदें हैं बँधाई।

महँगाई कर चरम सीमा पर,
चला दी देश में तानाशाही,
गरीब का आँसू पलकों पर सूखा,
सरकार का व्यवहार है रूखा-रूखा,
सुविधाएँ मिलतीं बस मित्रों को,
आम जन रोज रोता है भूखा।

वे कहते हैं मंदी का सवाल नहीं" --
अभी हमारे मित्र के द्वारा मंदी के लिए बताया गया --

"वे कहते हैं मंदी का सवाल नहीं,
पर असलियत में जनता का ख्याल नहीं,
महँगाई अब बड़ी, ज़िन्दगी है छोटी,
भाजपा के राज में न मिलती गरीब को रोटी।"

सर, मैं इसके साथ ही शुरू करना चाहती थी। सर, आज आप इस कुर्सी पर बैठे हैं, मुझे मन से बहुत अच्छा लग रहा है कि आप मेरा भाषण सुनने के लिए यहां बैठे हैं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मेरे मन की बात सुनने के लिए आप यहाँ हैं। सही में यह मेरे मन की बात है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति : प्लीज़, प्लीज़।

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : सर, मानसून सत्र शुरू होने के बाद लगातार हम चाह रहे थे कि सरकार हमारे मन की बात सुने। हम कांग्रेस पार्टी और विरोधी पार्टियों की तरफ से 9-10 दिन से बार-बार कोशिश कर रहे थे कि आज की तारीख में अगर कोई जरूरी बात है, महत्वपूर्ण बात है, देश के लिए बहुत ही आवश्यक बात है, तो वह है महँगाई। महँगाई की बात, हमारे देश की बात आप लोग सुनें और भारत के जो सर्वोच्च सभा गृह हैं, राज्य सभा और लोक सभा, उनके माध्यम से, आपके माध्यम से हमारे प्रधान मंत्री जी और सभी सुनें। जब यह महँगाई डायन खा रही है, तब देश का दुख आप सुनें, लेकिन इसकी भाषा सुनी नहीं गई और उल्टा जब हमारे नेता, हमारे जयराम रमेश जी हों, हमारे वेणुगोपाल जी हों, हमारे विपक्ष के नेता, खरगे जी हों, हर रोज़ रूल 267 के नोटिस देते रहे, लेकिन एक बार भी वह नोटिस एक्सेप्ट नहीं किया गया और सर्वोच्च सभा गृह में हमें अनुमति नहीं दी गई। जब मैं संसद अटेंड करने के लिए यहाँ के लिए निकली, तो मराठवाड़ा में हमारा बहुत छोटा डिस्ट्रिक्ट है, वहाँ के सभी पत्रकारों ने हमें कहा कि ताई, आप जा रही हैं न, तो हमारा जो महँगाई का मुद्दा है, आप पहले वह उठाना। मैं यह इसलिए नहीं बोल रही हूँ कि हम कुछ बड़े हैं, बल्कि मैं यह इसलिए बोल रही हूँ कि यह इतने छोटे स्तर तक पर्कोलेट हुआ है कि लोग बोल रहे हैं कि महँगाई का मुद्दा उठाओ। इसका मतलब यह है कि महँगाई लोगों के लिए कितनी पर्कोलेट हो गई है। इस कमरतोड़ महँगाई ने अगर किसी को सबसे ज्यादा उछाला है, अगर किसी को सबसे बड़ा दुख दिया है, तो महिलाओं को दिया है। इसने इस देश की आधी आबादी, जो महिलाएँ हैं, उनको सबसे ज्यादा परेशान किया है। सब्जियाँ महँगी, किताबें महँगी, स्कूल आने-जाने का यातायात महँगा, गैस महँगी, किराना सामान महँगा। इतना ही नहीं, जिस 'उज्ज्वला योजना' का अभी ज़िक्र हुआ था, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि 'उज्ज्वला योजना' का यहाँ पर जो ज़िक्र किया गया, सर, आप सीएजी की रिपोर्ट देखिए, सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार 'उज्ज्वला योजना' के तहत जो 65 परसेंट गैस सिलिंडर्स दिए गए, महिलाएँ उन्हें यूज़ ही नहीं करतीं, क्योंकि सिलिंडर का रेट एक हजार रुपए से ऊपर चला गया है। इसलिए 'उज्ज्वला योजना' का उपयोग ही नहीं हो रहा है। सर, 1 मार्च, 2014 को जिस एलपीजी की कीमत 410 रुपए होती थी, 1 अगस्त, 2022 को उसी एलपीजी की कीमत 1 हजार 3 रुपए हो गई। अप्रैल, 2011 में कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल थी, उस समय उसकी रिटेल कीमत 58 रुपए 50 पैसे होती थी, जबकि जुलाई, 2022 में उसी कच्चे तेल की कीमत प्रति बैरल 96.96 डॉलर प्रति बैरल हो गई, लेकिन प्रति लीटर पेट्रोल की कीमत बढ़ गई और 96 रुपए 20 पैसे हो गई। अगर राइज़िग फूड प्राइसेज़ बताया जाए, तो एडिबल ऑयल 18 परसेंट बढ़ गया है, मस्टर्ड ऑयल 28.66 परसेंट बढ़ गया है, रिफाइंड ऑयल 19 परसेंट बढ़ गया है, पोटैटो, जिसकी माला अभी हम

पहन रहे थे, 20.42 परसेंट बढ़ गया है, टोमैटो 18.54 परसेंट बढ़ गया है, ब्रिंजल, सबसे ज्यादा 27.72 परसेंट बढ़ गया है। लेडीफिंगर 11 परसेंट, पीज़ 11.16 परसेंट और व्हीट 7.77 बढ़ गया है।

सर, सरकार अपना खजाना भरने पर तुली है, लेकिन लोगों की जेबें खाली हो गई हैं। जब महंगाई की बात निकली है, तो मुझे 1998 का अनियन इलेक्शन याद आ गया। मैं उसे अनियन इलेक्शन इसलिए बोल रही हूं, क्योंकि तब दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और श्री साहिब सिंह वर्मा यहां के मुख्य मंत्री थे, जब यहां पचास रुपये किलो प्याज हो गया था, तब उन्होंने यह बयान दिया था कि कोई गरीब वैसे भी प्याज नहीं खाता है। हमारे अर्थ मंत्री जी ने भी ऐसा ही बयान दिया था, जब प्याज का विषय आया था। यह बयान देने के बाद 15 साल के लिए दिल्ली से बीजेपी गायब हो गई थी और श्रीमती शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्य मंत्री बनीं, अगर आपको याद हो।

सर, यूपीए के कार्यकाल में सोनिया गांधी जी ने एक प्रण लिया था कि यूपीए की सरकार आई है, तो हम किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने देंगे और सोनिया जी ने उस प्रण के मुताबिक फूड सिक्युरिटी एक्ट लागू किया, यह बात मैं बहुत अभिमान से कहना चाहती हूं।

इसके अलावा 'मनरेगा' भी एक ऐसी स्कीम है, जिसका आप कोई भी नाम रखें, कोई इसके बारे में कुछ भी कहे, लेकिन 'मनरेगा' की स्कीम के तहत आज हम इतनी बड़ी महामारी से पार पा गये, हम कोविड-19 की महामारी से निकल गये, 'मनरेगा' ने हमें बचा लिया।

महोदय, अब मैं जीएसटी की बात करूंगी। मैडम, कल आपकी लोक सभा में दी गई स्पीच सुनने के बाद मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे हैं और मैं उन्हें यहां उद्धृत करना चाहती हूं। जब आपने बोला कि ब्रांडेड और लेबल्ड, प्री-पैकेज्ड और लेबल्ड से अलग है। पहले बड़ी कंपनियों के प्रोडक्ट्स प्रभावित होते हैं, जिनकी कीमत अधिक होती है। इनके खरीदार मध्यम एवं उच्च मध्यम वर्ग के होते हैं। दूसरा यह छोटे व्यवसायों को प्रभावित करता है, जिनके प्रोडक्ट्स के खरीदार निम्न आय वर्ग के लोग होते हैं।

आपने बोला कि उस मीटिंग को सबने अटेंड किया था। मीटिंग अटेंड करने वाले पश्चिमी बंगाल के वित्त मंत्री जी ने यह बताया था कि वह बैठक वर्चुअल थी और इसमें मुलाकात फेस-टू-फेस नहीं हुई थी और न ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सलाह-मशविरा किया था। पश्चिमी बंगाल के वित्त मंत्री जी ने दावे के विपरीत यह भी कहा था कि इस मीटिंग में मौजूद कुछ सदस्यों ने फिटमेंट कमेटी की उस रिपोर्ट का विरोध किया था, जिसमें जीएसटी के रेट में वृद्धि की सिफारिश की गई थी, उसका उन्होंने विरोध किया था। शायद इसलिए अपना रुख बदलते हुए सरकार और वित्त मंत्री ने सर्वसम्मति की जगह 'आम राय' शब्द का इस्तेमाल किया।

गरीब उपभोक्ताओं को प्री-पैकेज्ड और लेबल वाले सामान खरीदने की इच्छा क्यों नहीं रखनी चाहिए। मैडम ने जो लूज़ सामान के बारे में बोला, जो गरीब लोग हैं, क्या उन्हें प्री-पैकेज्ड और लेबल वाले सामान नहीं खरीदने चाहिए? स्वच्छता से पैक किये गये सामान को खरीदने की इच्छा रखने वाले लोगों को मोदी सरकार क्या सजा देना चाहती है? मान लेते हैं कि प्री-पैकेज्ड सामानों में कुछ इनपुट टैक्स हैं, क्या उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए प्री-पैकेज्ड और लेबल वाले सामानों पर जीएसटी लगाने की मांग की गई थी? क्या छोटे व्यवसायी, दुकानदार उपभोक्ता सभी स्टेकहोल्डर्स रिवाइज्ड जीएसटी रेट के खिलाफ असंतोष व्यक्त करते हैं?

सर, मैं यहां एक मुद्दा और रखना चाहती हूं कि 'अमूल' दूध की फैक्टरी, जिसकी स्थापना श्री वल्लभभाई पटेल ने की थी, 'अमूल' हो या 'गोकुल' हो, इनकी सहकारी संस्था है, जिसे किसानों ने खड़ा किया है। यदि आप इनके ऊपर जीएसटी लगाओगे तो आप इस देश में किसानों को क्या संदेश देना चाहते हैं?

श्री सभापति : रजनी जी, आपके बाद रंजीत जी को बोलना है, उनका समय जा रहा है।

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : जब सीपीआई इन्फ्लेशन सात परसेंट से अधिक है, जब डब्ल्यूपीआई इंफ्लेशन 15 परसेंट से अधिक है, बेरोजगारी चरम पर है, रुपया निचले स्तर पर है, चालू खाते का घाटा बढ़ रहा है और दुनिया भर में महंगाई बढ़ने की आशंका है, ऐसे समय में टैक्स बढ़ाना क्रूरता है और दूसरा कुछ नहीं है।

हम हाथ जोड़कर विनती करते हैं कि महंगाई कम करिये, लोगों को इससे बाहर निकालिये। मैं सरकार और वित्त मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि इसमें राजनीति नहीं लाते हुए लोगों के साथ, खास तौर से महिलाओं के साथ जन्म से लेकर, दूध से लेकर श्मशान घाट तक जो महंगाई बढ़ाई है, उसे कम करने की आवश्यकता है, धन्यवाद।

श्री सभापति : आप पूरा प्रयास और पूरी तैयारी करके आईं, आपने एक मिनट टाइम वेस्ट किया और आप कह रही हैं कि बाहर महंगाई बढ़ रही है, जबकि आप वह पहनकर आईं, तो महंगाई कम है या ज्यादा है? ऐसा क्यों?

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : सर, मैं उदाहरण देना चाहती थी।

MR. CHAIRMAN: You have come prepared. Utilise the time.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : सर, मैं दिखाना चाहती थी। ये बोलते थे। मैं सही संवेदना व्यक्त करना चाहती हूँ।

श्री सभापति : नहीं। संवेदना के लिए बहुत अवसर हैं। लोगों में जाकर उनको जागृत करना, मेहनत करते रहना। **...(व्यवधान)...**

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल : सर, **...(व्यवधान)...**

श्री सभापति : प्लीज़। कमेंटरी मत करिए। Particularly when the Chairman says something, don't get ...*(Interruptions)*.. Mr. Raghav, you have one minute's time. ...*(Interruptions)*.. Make it two minutes. ...*(Interruptions)*.. What can I do? Your Leader has taken more time. ...*(Interruptions)*.. Okay. Then, Shri Jose K. Mani. ...*(Interruptions)*..

श्री संजय सिंह : सर, राघव जी का मैडन स्पीच है। **...(व्यवधान)...**

MR. CHAIRMAN: I have already told you, no Maiden speech during Short Duration Discussion or Calling Attention.

श्री संजय सिंह : सर, इनको बोलने दीजिए। **...(व्यवधान)...**

MR. CHAIRMAN: I told him, two minutes. You said, बाद में बोलेंगे। **...(व्यवधान)...** राघव जी, बोलिए।

श्री राघव चड्ढा (पंजाब) **:** सर, यह मेरा सौभाग्य है कि आप चेयर पर बैठे हैं और मुझे पहली बार बोलने का मौका मिला है। मैं सदन का सबसे युवा, सबसे नया सदस्य हूँ। आप इसे मेरी मेडन स्पीच मानें या नहीं मानें, I seek your indulgence, Sir. मुझे पाँच-सात मिनट दे दीजिए। वे भी तैयारी से आयी हैं, मैं भी तैयारी से आया हूँ। मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी को भी कहूँगा कि अगर पांच मिनट मुझे और सुन लेंगी, तो Heavens won't fall, Sir.

MR. CHAIRMAN: No, no. Everybody asked for the same, please.

श्री राघव चड्ढा : सर, मुझे लगता नहीं कि यहाँ कोई आपत्ति करेगा। **...(व्यवधान)...**

श्री सभापति : आर्ग्यू मत कीजिए। **...(व्यवधान)...** मेरे सामने नाम हैं। **...(व्यवधान)...** I have the names before me.

श्री राघव चड्ढा : सर, मैं आपके आश्वासन पर ही बोलूँगा। मुझे प्लीज़ थोड़ा समय दीजिएगा। सर, आज से कई साल पहले एक मूवी "पीपली लाइव" आयी थी। उसका एक गाना था - "सखी सैंया तो खूब ही कमात है, महँगाई डायन खाये जात है।" आज इस गाने के लिरिक्स सार्थक होते नजर आ रहे हैं। मैं पंजाब सूबे से आता हूँ, जो एक खेती प्रधान सूबा है। पंजाब का किसान, देश का किसान महँगाई की डबल मार झेल रहा है - एक मार किसान पर ऐज़ ए प्रोड्यूसर और दूसरी मार किसान पर ऐज़ ए कन्ज्यूमर। फूड प्रोडक्शन की कॉस्ट पिछले एक साल में करीब-करीब 21 प्रतिशत बढ़ी है। यानी किसान की फूड प्रोडक्शन की कॉस्ट बढ़ गई, लेकिन उसकी आय, जिसका वादा था कि एमएसपी दोगुना करेंगे, आय बढ़ायेंगे, वह उस रेट पर नहीं बढ़ी, जिसके चलते आज देश का किसान ऐज़ ए प्रोड्यूसर महँगाई के बोझ तले दबता जा रहा है। दूसरा, देश का किसान ऐज़ए कन्ज्यूमर भी - क्योंकि मैं पंजाब से आता हूँ - आज कहीं बाजार में कुछ भी खरीदने जाता है, तो महँगाई की मार झेलता है। मैं आपको बताऊँ कि यह शायद आज़ाद भारत के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब भारत देश की रूरल इन्फ्लेशन भारत देश की अरबन इन्फ्लेशन से ज्यादा है। यानी कि गाँव में रहने के मुकाबले शहरों में रहना सस्ता है और आप जानते हैं कि यह देश वह देश है, जहाँ पर मैक्सिमम आबादी रूरल आबादी है।

सर, इन्फ्लेशन को टैक्सेशन विदाउट लेजिस्लेशन भी कहा गया है। यानी कि महँगाई वह चीज़ है, जो बिना कानून के सरकार हम लोगों पर टैक्स के रूप में लगाती है, ऐसा माना जाता है। सर, जैसे रावण के दस सिर थे, भारत की महँगाई के सात सिर हैं। मैं सातों के सातों पर आधा-आधा मिनट बोलना चाहूँगा, आप जितना टाइम दे दें।

सर, पहला है ऊर्जा पर टैक्स, एनर्जी टैक्सेशन, दूसरा है सर्विस इन्फ्लेशन, जो नज़र नहीं आती, लेकिन महसूस होती है। तीसरा है- जीएसटी का बोझ, चौथा है- लागत बढ़ाने वाली महँगाई, यानी कॉस्ट-पुल इन्फ्लेशन, पाँचवाँ है बढ़ती महँगाई, घटती कमाई, यानी कि हमारी आमदनी उस दर पर नहीं बढ़ रही है, जिस दर पर भारत की महँगाई बढ़ रही है। छठा प्वाइंट है गिरता हुआ रुपया और सातवाँ प्वाइंट है कॉरपोरेट और सरकार की साठ-गाँठ।

सर, एनर्जी टैक्स, जो क्रूड ऑयल पर लगता है, पेट्रोल पर लगता है, डीज़ल पर लगता है, यह भारत में दुनिया के मुकाबले सबसे ज्यादा है जिसके चलते आज कोयले की बात हो या पेट्रोल की बात हो, सारा बोझ कैसकेडिंग इम्पैक्ट के तहत देश के आम आदमी पर डाला जा रहा है। मैं बताना चाहूँगा कि जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार 26 मई, 2014 को बनी थी, तब अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 108 डॉलर प्रति बैरल पर बिकता था। वह 20 अप्रैल, 2020 को 108 डॉलर प्रति बैरल से घट कर 1 डॉलर पर आ गया, इतना घट गया, लेकिन उसका जो फायदा था, लाभ था, वह देश के गरीब आदमी को नहीं सौंपा गया और मेरे सवाल के जवाब में, इस सदन में मुझे जवाब दिया गया कि 2016 से लेकर 2022 के बीच में सरकार ने 16 लाख करोड़ रुपये कमाये हैं, एक्साइज़ ड्यूटी बढ़ा-बढ़ा कर। सर, इस सरकार ने पेट्रोल पर 78 बार और डीज़ल पर 76 बार एक्साइज़ ड्यूटी बढ़ायी है। दूसरा प्वाइंट है..

श्री सभापति: राइट।

श्री राघव चड्ढा : सर, दो मिनट।

श्री सभापति: नहीं, नहीं। **...(व्यवधान)...**

श्री राघव चड्ढा : सर, मेरा दूसरा प्वाइंट है **...(व्यवधान)...** सर, मैं छोड़ रहा हूँ। **...(व्यवधान)...**। am leaving some points. ...(*Interruptions*)...

श्री सभापति : मैंने आपको तीन मिनट का समय दिया है। **...(व्यवधान)...**

SHRI RAGHAV CHADHA: I am leaving some points. ...*(Interruptions)*... I am leaving some points. But I will come to the point. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: I have given you four minutes' time. ...*(Interruptions)*...

SOME HON. MEMBERS: Concluding, Sir. Concluding, Sir. ...*(Interruptions)*...

through the optimum utilization of river waters which meant a lot of expenditure had been incurred. Seeing the prosperity of Telangana, which is against the spirit of the federal structure on which the country thrives, they are trying to choke Telangana. You are trying to put curbs on our borrowings. You are trying to put curbs on various limitations. Now this way the development of Telangana is one area which would be affected, Sir. I would request the Finance Minister that the spirit of federalism doesn't choke States which are progressing and which are contributing to the country.

MR. CHAIRMAN: Thank you, Sureshji.

SHRI K.R. SURESH REDDY: Finally, Sir, one last point. Everything was spoken one about the Russian war and the other was on the pandemic. But we have to see a lot of mismanagement happening even before the pandemic, it happened during demonetization. The hon. Finance Minister spoke so highly of Raghuram Rajan, and spoke about what he said, in the Lok Sabha, but I would like to quote one last point before I close. Raghuram Rajan has also said the other day in a conference in Raipur that Sri Lanka was an example of what happens when a country's politicians try to deflect a job crisis by targeting minorities. Your failures, your mismanagement should not be taken with pandemic as a reason. So, with these words-- of course, I had a lot, but with due respect to the Chair-- I thank you, Sir.

MR. CHAIRMAN: Mr. Suresh Reddy is the former Speaker. He has experience of time management.

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): Mr. Chairman, Sir, at the outset, I would like to thank you for giving me a chance to speak on the subject of price rise for the first time in this august House. Sir, I hail from Telangana, but I have been given an opportunity to get elected from Uttar Pradesh for Rajya Sabha. I am really grateful to my Leader, Modiji and our President, Naddaji for giving me a chance. As a person from Telangana, it is my bounden duty to speak on behalf of the Telangana people and to see that the interests of Telangana and the welfare of Telangana is spoken here and I would like to become the voice of the Telangana people in this august House because I am the first Rajya Sabha Member from Telangana by a ruling party and my party has given me the chance. At the same time, I would like to take the responsibility to say how being a Rajya Sabha Member from Uttar Pradesh, how my Government, under the leadership of Modiji and Yogiji, the double engine *sarkar*, is working day and night for the development and also for the empowerment of the downtrodden, the weaker

sections and the poor of the society. Mr. Chairman, Sir, in spite of this pandemic situation and the entire world facing economic crisis, our visionary leader Narendra Modiji was able to contain inflation and was able to control the price rise. I have been hearing co-Parliamentarians from Telangana speaking about price rise. I really fail to understand and I feel they have no moral right to speak on price rise because I would like to share some facts about how these Telangana people are suffering due to increase in prices. I would like to take three examples, Sir, with due permission. As soon as fuel charges were confirmed, the Union Government reduced twice, not once, and all the BJP-ruled States also reduced the prices right from Rs. 15 to Rs. 5, lessening the burden of the common man to the tune of Rs. 20-25. I have seen in Uttar Pradesh for the last one year, it is almost Rs. 20-25 on petrol and diesel. This is the concern of the Government towards the common and poor sections, whereas in Telangana, our Chief Minister * proudly says, 'I am not going to increase a single paisa which the State collects in the name of VAT'. I am sorry, Sir, the State Government collects on petrol 35 per cent as VAT and 27 per cent on diesel as VAT. Altogether, from 2014-2022, this Government has collected not less than Rs. 70,000 crores as VAT. Unfortunately, the Centre which collects, in the name of excise duty, 41 per cent share goes to the State again. This is Telangana Government's concern towards the poor and the common man! When it comes to increase of land value, twice in a span of five months, the Government has increased the land value. Not only the land value has increased up to 50-60 per cent, on which they have made money out of that, but they have also increased the stamp duty from six per cent to seven-and-a-half per cent and the market value of the land has also increased from 50-60 per cent. Apart from this, the common man relies on public transport and 50 per cent has been increased on the public transport system to the tune of Rs. 5,596 crores. It is a burden on the common man. ...*(Interruptions)*... For your information, the Government itself has due to the RTC not less than to the tune of Rs. 17,120 crores, out of which Rs. 12,598 crores are due. This Government claims to be a surplus Budget State, but unfortunately, now it is in debt of Rs. 3.5 lakh crores. Our students, the poorer sections and the common man rely on bus passes. Now the bus pass fee has increased from Rs. 160 to Rs. 450 per month. ...*(Interruptions)*... My friends spoke a lot about irrigation and concern towards farmers. Unfortunately, one project by name, Kaleshwaram, was redesigned. It was a Rs. 30,000 crore project, but enhanced to Rs. 1.20 lakh crores. Already they spent Rs. 80,000 crores, but of no use. Sir, due to recent floods and rains, all pumps in the pump house were submerged! ...*(Interruptions)*...

---

* Not recorded.

MR. CHAIRMAN: Mr. Laxman, you have to conclude. ...*(Interruptions)*... You have to conclude. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*...

DR. K. LAXMAN: It is learnt that hundreds of crores of rupees have to be spent for their repair! ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Listen, his party has given him time. ...*(Interruptions)*...

DR. K. LAXMAN: It will take more than one year to get them repaired! This is the vision of our Chief Minister where public money is being wasted. Finally, I would just like to compare the UP model with Telangana. मैं उत्तर प्रदेश का भ्रमण करता हूँ, मैं चुनाव के समय भी वहाँ गया था। मोदी जी के द्वारा लगभग 3,50,000 करोड़ खर्च करके 80 करोड़ की आबादी को हर महीने पाँच किलो नि:शुल्क राशन दिया जा रहा है। हमारी तेलंगाना सरकार ने तीन महीने से वह पाँच किलो राशन भी बंद कर दिया है, गरीब को मारा है। ...**(व्यवधान)**... कोई गरीब भूखा पेट नहीं सोए, इसके लिए हमारे प्रधान मंत्री, मोदी जी के अलावा, हमारे मुख्य मंत्री योगी जी के द्वारा चावल के अलावा, नमक के साथ गेहूँ, दाल, चीनी, तेल हर महीने दो बार दिया जाता है। ...**(व्यवधान)**... देश के किसी भी प्रदेश में इस तरह राशन नहीं दिया जा रहा है। ...**(व्यवधान)**... हमारे उत्तर प्रदेश में जो डबल इंजन सरकार है और हमारे जो भी बीजेपी शासित राज्य हैं, वे हमारे गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, दलित, किसान के लिए काम करने वाले हैं। मोदी जी गरीबों के मसीहा हैं। तेलंगाना के लोग आज तबाह हो गए हैं, वे आज बदलाव चाह रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... हम तेलंगाना की आबादी को यह विश्वास दिलाते हैं कि तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी सरकार में आ सके, इसके लिए हम काम करेंगे।

MR. CHAIRMAN: Secretariat to take note. Any reference to Chief Minister by name will not go on record. That has been the practice. Of course, other things can go. Name of the Chief Minister of Telangana should not go on record. Now, Shri Ajit Kumar Bhuyan. You have two minutes. Almost all the parties have exhausted their time.

SHRI AJIT KUMAR BHUYAN (Assam): Thank you hon. Chairman, Sir. Since I get a very short time, I will raise only a few points. But, I think, touching of such points is enough as the Government already knows everything and, tragically enough, hides everything.

Sir, from flood to price hike, the people of my State, Assam are suffering like hell and the Government goes with the same rhetoric, we cannot control price hike for these reasons. If you can give neither job nor food or relief from calamities like floods, why is there Government at all is my question.

Sir, I cannot understand why pathetic financial condition of the country and its people's financial penury is directly proportionate to the meteoric rise of a selected few. The most recent data released by the Ministry of Statistics and Programme Implementation, Government of India, shows that the rate of inflation in India, in the month of July, 2002, has been 7 per cent, while that of food inflation has been 7.75 per cent. If we look commodity-wise, we will find that the rate of inflation has been as high as 17 per cent in case of vegetables, 9 per cent for oils, 8.6 per cent for fish and meats, 10.39 per cent for fuel and light and 9.5 per cent on clothing and footwear.

Sir, it should also be noted that the rate of inflation in the country has remained over 6 per cent for quite some time now. For instance, if we consider the period since January, 2020, the average rate of inflation in India has been 6.17 per cent for the last thirty months!

Sir, why the data of various reputed international organizations on India's development index differ from our Government's data? This is my question. Now, are we manipulating even statistics of our development! To whom are we lying actually?

6.00 P.M.

What is important here is to realise that in demand constrained condition particularly, the condition arising out of the pandemic, inflation is caused only by increasing costs. A series of hikes in fuel prices, including petro products and LPGs, have only aggravated the situation.

MR. CHAIRMAN: Right, Ajit Kumar*ji*.

SHRI AJIT KUMAR BHUYAN: Sir, one minute. The present inflation is thus triggered by faulty administrative decisions. But to control inflation, the Government needs to have sufficient handles. The question is: Does the Government have sufficient handles to contain inflation? We are failing, Sir. I just want to remind this House that if we do not do anything, it will be an endless backward journey. Thank you, Sir.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, it is Short Duration Discussion. The Short Duration Discussion is normally of two-and-a-half hours. Because of the importance of the subject, on the request of the Members, I extended it by another one-and-a-half hour, making it four hours. Now, four hours are over. There are still some speakers left and the Minister has to give response to all these issues raised. So, the House is extended to sit beyond six o'clock till we complete the Business today for the other

speakers and also for the response by the hon. Minister. Now, Shri Sushil Kumar Modi.

श्री सुशील कुमार मोदी (बिहार) : सभापति महोदय, आज जीएसटी को लेकर सदन में काफी चर्चा हुई है। यद्यपि सरकार ने बार-बार कहा है...

MR. CHAIRMAN: You have ten minutes' time. Keep that in mind.

SHRI SUSHIL KUMAR MODI: Sir, the Government has reiterated that it was a unanimous decision in the Fitment Committee, in the Group of Ministers and even in the GST Council.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA) *in the Chair.*]

But somehow, my Members from Opposition are saying, 'No; we opposed this increase of GST.' मैं केवल एक ही सवाल का जवाब जानना चाहता हूँ कि अगर आपने विरोध किया, तो वोटिंग क्यों नहीं कराई? जीएसटी काउंसिल में वोटिंग का प्रावधान है। अगर आपने विरोध किया और आपकी बात को स्वीकार नहीं किया गया, तो मैं आपसे जानना चाहता हूँ कि क्या आपने वोटिंग के लिए फोर्स किया, क्या आपने वोटिंग करवाई और अगर नहीं कराई तो क्यों नहीं कराई? उपसभाध्यक्ष महोदय, सच्चाई तो यह है कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। मैं नाम नहीं लेना चाहूँगा। एक राज्य के वित्त मंत्री ने यहाँ तक कहा कि इस पर कोई चर्चा की जरूरत नहीं है, इसको सर्वसम्मति से पारित कर दिया जाए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह भी जानना चाहता हूँ कि अगर आपका विरोध है, तो आपने नोटिफाई क्यों किया? On 18th of July, each and every State including Congress-ruled or TMC or CPM notified this increase of GST. आपने पश्चिमी बंगाल में क्यों नोटिफाई किया? आप रोक देते कि हम नोटिफाई नहीं करेंगे। आपने केरल में क्यों किया? आपने तमिलनाडु में क्यों किया? आपने टैक्स इन्क्रीज़ को नोटिफाई किया, it means you are in favour of increasing of GST rate tax और अब आप कह रहे हैं कि हमने तो साथ नहीं दिया था। महोदय, यह बार-बार कहा जा रहा है। मैंने केरल के मुख्य मंत्री का बयान देखा कि हम इसको लागू नहीं करेंगे। मेरा कहना है कि अगर हिम्मत है तो जो अपोज़िशन-रूल्ड स्टेट्स हैं, वे घोषणा करें कि इस इन्क्रीज़ को अपने राज्य में लागू नहीं करेंगे। अगर हिम्मत है, तो वे एलान करें। लेकिन, उन सबों ने इसको लागू कर दिया और अब यहाँ पर धरना दे रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं तो आग्रह करूँगा कि अगर आपको गरीबों की इतनी ही चिन्ता है, तो आप एलान कीजिए कि आप रीइम्बर्स करेंगे। There is a provision of reimbursement. They will not levy any tax on the consumer, but they will reimburse the tax to the shopkeepers. आप अनाउंस कर दीजिए कि रीइम्बर्स करेंगे। अभी भी समय है, आप जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में विदड्रॉ करने का प्रस्ताव ला सकते हैं। इसके पहले भी जीएसटी काउंसिल की बैठक में 300 से ज्यादा चीज़ों पर जो टैक्स इन्क्रीज़ हुआ,

उसको वापस लिया गया। आप एलान कीजिए कि जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में हम इस निर्णय को वापस लेंगे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जीएसटी काउंसिल का फैसला है। यह केन्द्र सरकार का फैसला नहीं है। केन्द्र सरकार वहाँ मौजूद थी, केन्द्र सरकार वहाँ उपस्थित थी, लेकिन सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। चाहे वह कांग्रेस हो या टीएमसी हो, सभी ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आश्चर्य की बात है कि एक पार्टी के लोग कह रहे हैं कि 'जीएसटी को स्क्रैप कर देना चाहिए। अगर हमारी सरकार बनी तो नया जीएसटी लाएंगे', वे कहते हैं कि सिंगल रेट होना चाहिए। आप अगली मीटिंग में प्रस्ताव लाइए। क्या आज तक आप कोई प्रस्ताव लाए कि सिंगल रेट होगा? क्या चप्पल पर जो टैक्स लगेगा, वही टैक्स मर्सिडीज़ कार पर भी लगेगा! अगर हिम्मत है तो जीएसटी काउन्सिल की अगली बैठक में bring a Resolution that there will not be four slabs of taxes, but there will be only one slab of taxes. महोदय, आपने वहां सर्वसम्मति से निर्णय कर दिया और यहां पर आप उसका विरोध कर रहे हैं। इनको विरोध करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

महोदय, जहां तक इन्फ्लेशन की बात है। यह इम्पोर्टेड इन्फ्लेशन है। यह आयातित महंगाई है। यह देश की अर्थव्यवस्था के मिसमैनेजमेंट के कारण पैदा हुई महंगाई नहीं है। यह इम्पोर्टेड इन्फ्लेशन है। यह जो इन्फ्लेशन है, 'India's import dependency is a Congress legacy'. मैं कॉंग्रेस के नेताओं से जानना चाहता हूं कि अगर आज़ादी के 75 साल के बाद भी 85 परसेंट क्रूड ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ रहा है, तो क्या आप इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? जो खाद्य तेल है, पाम ऑयल, मस्टर्ड ऑयल, सोयाबीन ऑयल, अगर हमें आज 60 परसेंट एडिबल ऑयल इम्पोर्ट करना पड़ता है, तो आपने क्या प्रयास किया कि वह इम्पोर्ट न करना पड़े? महोदय, हम 58 परसेंट नेचुरल गैस इम्पोर्ट करते हैं। 75 साल में आपने क्या प्रयास किए कि उसे इम्पोर्ट नहीं करना पड़े? महोदय, हम 60 परसेंट फर्टिलाइज़र इम्पोर्ट करते हैं। आज जो सारी महंगाई है, यह 3F के कारण है, 'Fuel, Food and Fertilizer'. ये तीनों चीज़ें हैं, जिन्हें हम विश्व के बाज़ार से आयात करते हैं। महोदय, 3R - Russia, Rate and Recession - ये तीन बड़े कारण हैं, जिनके कारण यह स्थिति यहां पैदा हो रही है।

महोदय, मेरे पूर्व के लोगों ने विस्तार से ज़िक्र किया है कि अमेरिका में इन्फ्लेशन कितना है। वह 2 परसेंट था, that is increased to 9.1 per cent. कनाडा में 8.1 परसेंट है, यूके में 9.4 परसेंट इन्फ्लेशन है, and that is going to be increased to 11 per cent in the coming days. आज पूरी दुनिया में विरोध हो रहा है, पूरी दुनिया के अंदर आंदोलन हो रहा है। मैं सदन को बताना चाहूंगा कि इंग्लैंड के अंदर वेजेज़ को बढ़ाने के लिए रेलवे की स्ट्राइक हो गई, ज़िम्बाब्वे में नर्सेज़ ने स्ट्राइक कर दी, बेल्जियम के अंदर वर्कर्स की स्ट्राइक हुई - साउथ कोरिया, स्पेन, पेरू, अफगानिस्तान, यमन, म्यांमार, हैती, ब्रुसेल्स, लेबनान, इराक, केन्या, ट्यूनीशिया, बुर्किना फासो, आदि दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में महंगाई के विरोध में जनता सड़कों पर आ गई, लेकिन यह नरेन्द्र मोदी जी का कमाल है कि इन्होंने महंगाई को नियंत्रित करके रखा और आपके प्रयास के बावजूद कोई सड़कों पर नहीं आया। पोलिटिकल पार्टीज़ के प्रदर्शन के अलावा कहीं जनता सड़कों पर नहीं आयी, क्योंकि जनता को मालूम है कि यह महंगाई यूक्रेन के कारण है, जनता को मालूम है कि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में अगर फर्टिलाइज़र का दाम नहीं बढ़ा होता, तो

भारत में फर्टिलाइज़र का दाम नहीं बढ़ा होता। महोदय, जनता को यह मालूम है कि फ्यूल से लेकर बाकी चीज़ों का ...**(समय की घंटी)**... महोदय, आपने 10 मिनट का समय दिया था।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : अभी पार्टी ने समय कम कर दिया। 7-7 मिनट का समय कर दिया है।

श्री सुशील कुमार मोदी : आपने मुझे नहीं बोला कि कम कर दिया है, आपने कहा कि 10 मिनट का समय है, इसलिए मैं 10 मिनट को ध्यान में रखकर बोल रहा था। महोदय, चेयरमैन साहब ने 10 मिनट का समय दिया था।

महोदय, मैं केवल यही कहना चाहूंगा कि यह जो महंगाई है, वह चाहे फर्टिलाइज़र की महंगाई हो - फर्टिलाइज़र का दाम अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बढ़ा, लेकिन हमने किसानों के लिए दाम बढ़ने नहीं दिया, हमने उनको सब्सिडी दी। हमने 62 हज़ार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है, नई सब्सिडी दी है और अब सरकार ने एलान किया है कि वर्ष 2025 के बाद हम यूरिया का इम्पोर्ट नहीं करेंगे। यह भारत सरकार की हिम्मत है कि वर्ष 2025 के बाद हम यूरिया का इम्पोर्ट नहीं करेंगे। अगर हम यूरिया का इम्पोर्ट नहीं करेंगे, तो उससे 40 हज़ार करोड़ की बचत होगी, हम कितनी सब्सिडी दे रहे हैं? मैं सदन को बताना चाहूंगा कि यह जो यूरिया है, उसका प्राइस 2,450 रुपये है और हम 2,184 रुपये सब्सिडी दे रहे हैं, यानी 2,450 रुपये की यूरिया केवल 266 रुपये में हम किसानों को दे रहे हैं। डीएपी का दाम 4,073 रुपये है और हम 1,350 रुपये में दे रहे हैं। एनपीके का दाम 3,291 रुपये है और हम 1,470 रुपये में दे रहे हैं। एमओपी का दाम 2,654 रुपये है, लेकिन हम 1,700 रुपये में दे रहे हैं। महोदय, अगर नरेन्द्र मोदी जी नहीं होते, तो आज भारत में महंगाई की दर जो 7 प्रतिशत है, मैं दावा करता हूं यह 20 परसेंट पर पहुंच गई होती। महोदय, समय नहीं है। मेरे पूर्व के लोगों ने आंकड़ा दिया है कि यूपीए के समय में क्या हुआ, इन्फ्लेशन का रेट क्या था, ग्लोबल फाइनेंशियल क्राइसिस के समय भारत के अंदर इन्फ्लेशन का रेट क्या था, टेम्पर टेन्ट्रम के समय इन्फ्लेशन का रेट क्या था? हम आज 7.01 पर है और मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं अब यूक्रेन से सनफ्लॉवर का एक्सपोर्ट प्रारंभ हो गया है, यूक्रेन से गेहूं का एक्सपोर्ट प्रारंभ हो गया है। माननीय घनश्याम तिवाड़ी जी ने ठीक कहा है कि नरेन्द्र मोदी जी थे, जिन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान और अमेरिका की बिना परवाह किए, सैंक्शन की बिना परवाह किए रूस से केवल कच्चा तेल ही नहीं, बल्कि रूस से फर्टिलाइज़र, कच्चा तेल और अन्य चीज़ों को सस्ते दाम पर मंगवा कर गरीबों को देने का काम किया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : प्लीज़, आप कन्क्लूड कीजिए। आपका दस मिनट का समय पूरा हो चुका है।

श्री सुशील कुमार मोदी : सर, मैं कन्क्लूड कर रहा हूं, इसलिए मैं भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने प्रोएक्टिव होकर महंगाई को नियंत्रित करने का प्रयास किया है। प्रोएक्टिव पॉलिसीज़ बढ़ाई हैं और आगे आने वाले दिनों में भी हम महंगाई को 7

परसेंट से आगे नहीं जाने देंगे। उपसभाध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. FAUZIA KHAN: Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): I have already called the next speaker. ...*(Interruptions)*...

डा. राधा मोहन दास अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बातें चार बिंदुओं पर आपके सामने रखता हूं।...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Under what rule is it?

DR. FAUZIA KHAN: Sir, it is under Rule 261. This is defamatory to Maharashtra when hon. Member was saying that nobody opposed anything in the GST Council. Maharashtra Government has written an open letter saying that this GST must not be applied to food products. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): He is not talking about the open letter. ...*(Interruptions)*... He is talking about the Council. ...*(Interruptions)*...
DR. FAUZIA KHAN: How can he say it? ...*(Interruptions)*... He can't say that nobody opposed it. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : काउंसिल की बात कर रहे हैं, लैटर की बात नहीं कर रहे हैं।...**(व्यवधान)**... लैटर में या हाउस में ज़िक्र करने की बात नहीं कर रहे हैं।...**(व्यवधान)**...

DR. FAUZIA KHAN: The Maharashtra Government has written a letter. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Your point of order is ruled out. ...*(Interruptions)*... It doesn't come under any rule. ...*(Interruptions)*...

डा. राधा मोहन दास अग्रवाल : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, महंगाई की इस महत्वपूर्ण बहस पर मैं चार बिंदुओं पर अपनी बातें रखूंगा। क्या यह महंगाई पहली बार भारत में आई है? क्या भारत के भाजपा शासित राज्यों और गैर-भाजपा राज्यों के बीच में महंगाई एक-सी है, क्या भारत का विकास इससे प्रभावित हुआ है और महंगाई पर ये तथाकथित नेता ज्यादा समझदार हैं या इस देश की जनता ज्यादा समझदार है? महोदय, 75 साल के शासन में पहले 27 साल कांग्रेस का

शासन था और महंगाई की दर 13 प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत तक थी। फिर बीच में जनता पार्टी का शासन आया और जनता पार्टी ने खींचकर महंगाई की दर 2.52 परसेंट तक ला दी। फिर कांग्रेस का शासन आया और तकरीबन 15 साल कांग्रेस की सरकार रही और महंगाई फिर बढ़कर 10 परसेंट से लेकर 11.35 परसेंट हो गई। उसके बाद फिर अटल जी की सरकार आई और अटल जी की सरकार में महंगाई 1999 में 4.67 परसेंट, 2000 में 4.01 परसेंट, 2001 में 3.75 परसेंट, 2002 में 4.3 परसेंट और 2004 में 3.77 परसेंट रही। यानी फिर भाजपा की सरकार आने पर महंगाई घट गई। उसके बाद एक अर्थशास्त्री प्रधान मंत्री बनकर हम लोगों के बीच में आए। 2009 में 10.88 प्रतिशत महंगाई थी, 2010 में 11.99 परसेंट महंगाई थी, 2011 में 8.91 प्रतिशत महंगाई थी, 2012 में 9.48 प्रतिशत महंगाई थी, 2013 में 10.02 परसेंट महंगाई थी। यह एक अर्थशास्त्री प्रधान मंत्री के दौरान इस देश की महंगाई थी। फिर आए चाय बेचने वाले हमारे प्रधान मंत्री, जिन पर आज पूरा देश गर्व करता है। कबीर दास ने लिखा है:

"पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय,
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय"।

गरीबों के बीच में जीने वाले उस मोदी ने महंगाई को 2014 में 6.77, 2015 में 4.91, 2016 में 4.95, 2017 में 3.33, 2018 में 3.94, 2019 में 3.75 और 2021 में 5 परसेंट कर दिया। यह कार्यकाल था माननीय मोदी जी का। यह पिछले आठ सालों का एक ऐतिहासिक कार्यकाल है। मैं अपने छात्र जीवन में सुनता था, 'जब-जब कांग्रेस आई है, कमर तोड़ महंगाई है।' अब समझ में आता है और ये आंकड़े बताते हैं कि सच्चाई क्या है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, दूसरी बात, आज के दिन जो वर्तमान की महंगाई है - उत्तर प्रदेश में भाजपा का शासन है, वहां महंगाई 6.7 और देश का एवरेज 7.1 प्रतिशत है, उत्तराखंड में भाजपा का शासन है, वहां महंगाई की दर 6.04 परसेंट है, मध्य प्रदेश में भाजपा का शासन है, वहां थोड़ी सी ज्यादा है, 7.16 परसेंट है, बिहार में भाजपा की सम्मिलित सरकार है, महंगाई 5.97 प्रतिशत है। गैर भाजपा शासित राज्यों में - तेलंगाना में 10.05 प्रतिशत है, पुडुचेरी में 10.09 प्रतिशत, राजस्थान में 7.79 प्रतिशत, ओडिशा में 7.71 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 8.63 प्रतिशत, लक्षद्वीप में 9.6 प्रतिशत, महाराष्ट्र में हमारी सरकार के पहले के आंकड़े के अनुसार 8.52 प्रतिशत है। यानी देश में 7.1 प्रतिशत महंगाई के बावजूद, इस देश में जितने भाजपा शासित राज्य हैं, सभी में महंगाई बहुत कम है और जितने भी गैर-भाजपा शासित राज्य हैं, उन सभी में महंगाई बहुत ज्यादा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, तीसरी बात मैं आंकड़ों से ही कहूंगा। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट आई है। दुनिया में विकास की दर 4.8 प्रतिशत है। अरब देश में 1.6 प्रतिशत है, पूर्वी एशिया और जापान में 5.5 प्रतिशत, लैटिन अमेरिका और कैरेबिया में 5.8 प्रतिशत, यूके में 7 प्रतिशत, यूएसए में 5.5 प्रतिशत, रूस में माइनस 2.8 परसेंट, इटली में 7.3 परसेंट है और भारत की विकास की दर 22 मार्च, 2022 की वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया में सबसे अधिक रिकॉर्ड 7.9 प्रतिशत है। यह वर्ल्ड बैंक की ऑफिशियल रिपोर्ट है।

अब मैं अंतिम बात कहना चाहूंगा। महंगाई इनको दिखती है, जनता को नहीं। ...**(व्यवधान)**... मैंने वर्ल्ड बैंक के बारे में बताया। आप सुनिए, थोड़ा पढ़िए और सोर्स खोज लीजिए। ...**(व्यवधान)**... मैंने आपको बताया वर्ल्ड बैंक के संबंध में, फिर भी आप न पढ़ना चाहें, तो कोई कुछ नहीं कर सकता है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

डा. राधा मोहन दास अग्रवाल : महोदय, मोदी जी सरकार में आए थे, 2015 में प्रति व्यक्ति आय 86 हज़ार रुपये थी, 2016 में वह बढ़कर 94 हज़ार हो गई, 2017 में 1 लाख 4 हज़ार हो गई, 2018 में 1 लाख 14 हज़ार हो गई, 2019 में 1 लाख 26 हज़ार हो गई, 2020 में 1 लाख 35 हज़ार हो गई और आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि भारत की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 50 हज़ार रुपये है। इस कार्यकाल में हमारी आय पिछले एक साल के मुकाबले 18 परसेंट बढ़ी है और मोदी जी के कार्यकाल में 80 परसेंट बढ़ी है। महंगाई 7 परसेंट है, मैं मान लेता हूं कि महंगाई में फूड का इन्फ्लेशन 14 परसेंट है और पिछले एक साल की आय 18.5 परसेंट है। यही कारण है कि हमारे देश के नागरिक इस बात को जानते हैं कि हमारे पास एक प्रधान मंत्री है, जो अनवरत इस बात के लिए काम करता है कि कैसे इस देश के गरीब नागरिक को उसकी गरीबी का एहसास न होने दिया जाए। आज दुनिया मोदी इकोनॉमिक्स के बारे में पढ़ रही है कि वह कौन सा तरीका है कि कोरोना काल में इतनी समस्याएं आईं, लेकिन इस देश का एक भी गरीब सड़क पर निकलकर नहीं आया। खर्चे सिर्फ अनाज के नहीं होते, खर्चे मकान के होते हैं, जो मोदी जी ने दिये, खर्चे बिजली के होते हैं, जो मोदी जी ने दिये, खर्चे पढ़ाई के होते हैं, जो मोदी जी ने दिये, खर्चे इलाज के होते हैं, जो मोदी जी ने दिये। सर, खर्चे अनाज के होते हैं, ..**(व्यवधान)**...जिसको मोदी जी ने इतना दिया है कि लोग अपने घरों में नहीं रख पा रहे हैं। मैं इस पूरी बहस को एक शुद्ध राजनीतिक बहस कहते हुए कंडेम करता हूं। ..**(व्यवधान)**..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Next speaker is Shrimati Geeta alias Chandraprabha. ...*(Interruptions)*... Dr. John Brittas, please take your seat. ...*(Interruptions)*... Geeta ji, please speak.

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आज मुझे महंगाई पर हो रही चर्चा में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ..**(व्यवधान)**..मैं दो सप्ताह से देख रही हूं कि विपक्ष के लोग लगातार सदन में हंगामा कर रहे हैं, जबकि हमारी सरकार महंगाई पर चर्चा करने के लिए लगातार तैयार थी, फिर भी दो सप्ताह तक सदन को नहीं चलने दिया गया। महंगाई का रोना रोते हुए इनको स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि इस सदन को चलाने में कितना खर्च होता है, परंतु इन्होंने उसके बाद भी सदन नहीं चलने दिया। मैं आपके माध्यम से सदन ..**(व्यवधान)**..मैं मजबूर होकर ..**(व्यवधान)**.. सदन के सामने कुछ आंकड़े रखना चाहती हूँ। अभी हमारे भाई ने आंकड़े रखे हैं, मैं ज्यादा रिपीट नहीं करूंगी, लेकिन यह बात सच है कि ये आंकड़े भारतीय जनता पार्टी के नहीं, ये आंकड़े भारत सरकार के नहीं, बल्कि ये आंकड़े

विश्व बैंक के हैं, जिन्हें मैं आपके समक्ष रखना चाहती हूं। मान्यवर, कम से कम इसलिए भी विपक्ष के बंधुओं को इन आंकड़ों पर विश्वास करना ही पड़ेगा।

महोदय, हमारे भारत के गौरव आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी, जब 1998 में प्रधान मंत्री बने थे, उस समय उन्हें महंगाई का आंकड़ा 13.2 परसेंट के रूप में मिला था, परंतु उतनी विषम परिस्थितियों में भी आदरणीय अटल जी ने उन चुनौतियों को स्वीकारा और 1998 के बाद वाजपेयी जी ने अपनी अच्छी कार्य शैली और अच्छे तरीके से इसको प्रति वर्ष कम किया। महोदय, मैं इसको दोहराना नहीं चाहूंगी। 1998 में, जब उन्हें 13.2 परसेंट के रूप में महंगाई की दर मिली थी, तब उसके बाद, 2004 में उन्होंने महंगाई को 3.7 परसेंट की दर पर छोड़ा था। महोदय, इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि अटल जी की सरकार बनने से पहले देश महंगाई की मार से जूझ रहा था, देश के लोग महंगाई से मर रहे थे। उसके बाद भी प्रति वर्ष - महोदय, मैंने जिस तरीके से अभी आंकड़े बताए कि 2004 के बाद आदरणीय मनमोहन सिंह जी जब प्रधान मंत्री बने, तो इन्होंने इसको 3.7 परसेंट से बढ़ाकर देश के लाल, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के हाथ में 11 फीसदी दर की महंगाई के स्तर पर छोड़ा था। इससे यह स्पष्ट होता है कि इन दस वर्षों में महंगाई न सिर्फ बढ़ी, बल्कि इसकी रफ्तार भी बहुत तेज़ थी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आप खुद समझिए कि 2004 में 3.7 परसेंट से 2013 में जब 11 परसेंट की दर पर छोड़ा था, तो वह उनकी नीतियों को स्पष्ट दर्शाता है। मैं इस सदन के माध्यम से यह बताना चाहती हूं कि गरीबी में जीवन यापन करने वाले देश के ऐसे लाल के पास जब नीतियों में सुधार करने का अवसर आया, तो आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 2014 से लेकर अब तक, विषम परिस्थितियों में भी, 2020 में कोरोना जैसी महामारी के आने के पश्चात् भी कार्य किया। देश में लॉकडाउन लगा, कई महीनों तक आर्थिक गतिविधियाँ भी ठप रहीं और उसका लाखों लोगों की आजीविका पर भी असर पड़ा। लोगों के व्यापार ठप हो गये, लोगों की नौकरियां चली गईं तथा लोगों की बचत रोज़मर्रा की चीजें जुटाने में खर्च हुई, इसके पश्चात भी 2020 में हमारी सरकार ने महंगाई की दर 6.6 प्रतिशत से बढ़ने नहीं दी। इससे स्पष्ट है कि हमारी सरकार, हमारे प्रधान मंत्री जी कितने संवेदनशील हैं। आप सभी लोग जानते हैं, विपक्ष के साथी भी जानते हैं, अभी मैं देख रही थी, आदरणीय शक्तिसिंह जी जिस तरीके से आरोप लगा रहे थे, बहन रजनी जी आरोप लगा रही थीं, मैं उनको बताना चाहती हूं कि आप स्वयं जानते हैं कि इस बार अनेकों अन्तरराष्ट्रीय विषयों, जैसे यूक्रेन युद्ध, अन्तरराष्ट्रीय बाजार मंदी और अनेकों अन्य विषय रहे, जिनका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा। इसके पश्चात भी इस वर्ष महंगाई की दर 7 फीसदी से ज्यादा नहीं रही है, इसलिए स्पष्ट समझ से मैं अपने प्रधान मंत्री जी का पुनः यहां से आभार व्यक्त करती हूं कि देश के नागरिकों के लिए वे कितने संवेदनशील हैं, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को बरकरार रखते हुए समूचे विश्व को, मंदी में जूझ रहे विश्व को एक रास्ता दिखाया है। अपनी कमजोर आर्थिक नीति के कारण श्रीलंका की स्थिति को भी हमने देखा है। पिछले सात वर्षों में सरकार द्वारा बनाई गई मजबूत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश को इस विपरीत समय में भी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल नेतृत्व के कारण मुझे बताते हुए गर्व हो रहा है कि जब सारा विश्व मंदी से परेशान है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का दुनिया में सबसे तेज़ गति से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। यह आंकड़ा कोई भारतीय जनता पार्टी का नहीं है। आज विकसित देश भी हैरान हैं कि भारत किस

प्रकार से इस वैश्विक चुनौती से अपनी अर्थव्यवस्था को बचाकर तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है। 2022-23 में हमारी अर्थव्यवस्था का 9 फीसदी की दर से आगे बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। **...(समय की घंटी)**... सर, मुझे 10 मिनट का समय दिया गया था...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : अभी समय कम कर दिया गया है। आपका समय सात मिनट है। अब आप समाप्त कीजिए।

श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा : महोदय, ये आंकड़े भारतीय जनता पार्टी के नहीं हैं, ये अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े हैं। इस बात को कांग्रेस क्यों समझने को तैयार नहीं होती है, क्योंकि उनके नेताओं द्वारा लगातार एक परिवार शास्त्र पढ़ा जाता है, इसलिए वे अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र अब सब भूल गये हैं। अपनी गलतियों को छिपाने के लिए उनका लगातार सिर्फ एक उद्देश्य रहता है कि किसी न किसी प्रकार से सदन को चलने नहीं देना है। कभी महंगाई तो कभी जी.एस.टी., कभी अग्निवीर, कभी यह, तो कभी वह, ये लगातार पूरे देश को गुमराह करने का काम करते रहते हैं। महोदय, जी.एस.टी. देश का सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसका सीधा-सीधा लाभ आम लोगों को पहुंचता है। अगर जी.एस.टी. न होता तो मुझे लगता है कि इतनी महामारी में भी 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को मुफ्त में राशन नहीं पहुंचता, इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं। चूंकि समय कम है।

अंत में मैं इतना ही कहूंगी, मैं विपक्षियों से अनुरोध करती हूं कि आपके द्वारा समय-समय पर लगाये जा रहे बेबुनियाद विषयों को छोड़कर एक संवेदनशील विपक्ष की भूमिका निभाते हुए देश की प्रगति में आप सहयोग करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) **:** श्रीमन्, मुझे उम्मीद थी कि इतने झगड़े-झंझट के बाद जब महँगाई पर चर्चा हुई, तो उसका रिजल्ट कुछ अच्छा निकलेगा, लेकिन सत्ताधारी दल की तरफ से जिन विद्वान साथियों ने तर्कसंगत और अपने आँकड़ों के साथ भाषण दिए, उससे हमें यह लगता है कि इसका कोई अच्छा रिजल्ट नहीं निकलने वाला है, क्योंकि आंकड़ों से आधे पेट, भूखे बैठे हुए व्यक्ति का पेट नहीं भर सकता। इस देश की जनता ने हमेशा देखा कि यहाँ बजट के दौरान, आज नहीं, पहले से भी आँकड़ों के मकड़जाल में ही जनता को फँसाया गया और धरातल पर वास्तविकता बिल्कुल डिफरेंट रही। मेरे पास ज्यादा टाइम नहीं है, मैं कुछ ज्यादा कहना भी नहीं चाहूँगा। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि अगर आप वास्तविकता को जानना चाहते हैं, तो कभी सुबह 5 बजे जग कर सड़क पर जाइए, पृथ्वीराज रोड, मोती लाल रोड, वगैरह। वहां सड़क के किनारे जो झाड़ू लगाने वाला है, उससे पूछिए कि महँगाई का दर्द क्या होता है। यहाँ बैठे हुए ज्यादातर लोग इसे नहीं समझ सकते हैं। जब आप उन गरीब लोगों से जाकर पूछेंगे, तब मालूम पड़ेगा कि महँगाई क्या चीज होती है। उन माताओं से पूछिए, जो अपने बच्चों को दूध नहीं दे पा रही हैं। मैं कल एक कार्टून देख रहा था, जिसमें एक बच्ची कह रही है कि निर्मला दीदी, आपने जीएसटी लगा कर मेरी पेंसिल और शार्पनर का भी दाम बढ़ा दिया तथा मेरी मैगी का भी दाम बढ़ा दिया! इसलिए जिन पर बीतती है, वे ही जानते हैं कि महँगाई की स्थिति क्या है। यह सही है कि महँगाई तमाम कारणों से बढ़ती है। इसलिए मैं अपने मित्रों से यह कहना चाहूँगा कि कम से कम

यह तो स्वीकार करना चाहिए कि महँगाई बढ़ रही है। आप उसको जस्टिफाई मत कीजिए कि दुनिया में ऐसा है, इसलिए हिन्दुस्तान में भी ऐसा है। जस्टिफाई करने का कोई औचित्य नहीं है। जब महँगाई बेतहाशा बढ़ रही है, रुक नहीं रही है, तो यह मान कर चलिए कि अर्थव्यवस्था में कहीं न कहीं गलती है। आप उसकी व्यवस्था को सुधार सकते हैं। आप बड़े लोगों पर टैक्स बढ़ा सकते हैं, गरीबों से हटा सकते हैं। इसलिए मैं माननीया वित्त मंत्री जी से यह कहना चाहूँगा कि जब आप जवाब दें, तो आपने जो जीएसटी बढ़ाया है, आप कम से कम उसको विद्ड्रॉ करने की घोषणा यहाँ जरूर करें। लोगों को कुछ तो मिले! आप बड़े लोगों के लिए बढ़ा दीजिए। आप तमाम लोगों को राहत दे रहे हैं, कॉरपोरेट टैक्सेज़ में कमी की जा रही है, जबकि गरीब लोगों पर टैक्स बढ़ रहा है। उनका टैक्स बढ़ाइए और गरीबों का टैक्स कम कीजिए, वरना इस चर्चा का कोई लाभ नहीं है। हम जानते हैं कि आप क्या जवाब देंगी। आपको जो जवाब देना था, वह आपके सदस्यों ने दे दिया और मोदी जी ने पूरा जवाब दे दिया। उन्होंने कुछ छोड़ा ही नहीं, मंत्री जी क्या बोलेंगी! ...**(व्यवधान)**... सुशील मोदी जी। यहाँ तो वही मोदी जी हैं।

मैं आप लोगों को एक और राय देना चाहता हूँ। आप हर काम में प्रधान मंत्री, मोदी जी का नाम मत लिया कीजिए। कल कहीं कोई काम बिगड़ा, तो क्या फिर आप उन्हीं को दोषी ठहराएँगे? अपने नेता को बचाए रखने के लिए कुछ तो गुंजाइश छोड़िए। पता चला कि खराब स्थिति हुई, तो निर्मला जी जिम्मेदार, अच्छी स्थिति है, तो मोदी जी जिम्मेदार। इसलिए आप अपने नेता को सुरक्षित रखने का भी काम किया कीजिए। आप हर बार, हर मामले में नेता का नाम मत घसीटा कीजिए। मुझे कुछ नहीं कहना है, लोग बहुत कुछ बोल चुके हैं। मुझे एक ही प्रार्थना करनी है कि माननीया मंत्री जी जब जवाब दें, तो जो बढ़ा हुआ जीएसटी है, जो गरीब लोगों पर बढ़ा है, आम चीजों पर बढ़ा है, उसको विद्ड्रॉ कर लीजिए आप कुछ बड़े लोगों पर बढ़ा दीजिएगा, धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : श्री रामजी। आपके पास दो मिनट का समय है।

श्री रामजी (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभाध्यक्ष महोदय, चूँकि मेरे पास दो मिनट का समय है, तो मैं अपनी बात को संक्षेप में ही रखना पसंद करूँगा। इस सदन में मैं सुषमा जी की एक बात को क्वोट कर रहा हूँ। अभी कई सारे सांसदगणों ने, कई सारे लोगों ने बात को रखा और सभी लोगों ने यहाँ पर इंटरनेशनल आँकड़े प्रस्तुत कर दिए। देश की जो गरीब जनता है, आदिवासी है, चाहे दलित है, जो गाँव में रहता है, डेली मजदूरी करता है, वह इंटरनेशनल आँकड़ों को नहीं जानता। उसे यह मालूम होता है कि आटे का भाव कितना है, दाल का भाव कितना है, आज तेल कितना महँगा हो गया, पेट्रोल कितना महँगा हो गया। जो जरूरत के सामान हैं, उन्हें देखकर वे लोग बोलते हैं। अभी माननीय सदस्य ने यहां बात रखी कि आज आम आदमी इस दौर में महंगाई के जाल में और सरकार के आंकड़ों के मकड़जाल में फंसा हुआ है। यह हमने नहीं कहा है, ये सत्ता पक्ष के लोग जब विपक्ष में बैठे हुए थे, तब इन लोगों ने इसी बात को कहा था।

महोदय, आज मैं आपके सामने यह एक बिल दिखा रहा हूं, यह केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार का बिल है। 841 रुपये का सामान खरीदा गया और इस पर 84 रुपये का टैक्स लगा है। इसमें दाल, साबुन आदि जरूरत का सामान है, वहां टीवी और फ्रिज इत्यादि नहीं मिलते हैं, केन्द्रीय

उपभोक्ता भंडार पर वही सामान मिलता है, जो डेली यूज़ का सामान होता है। यानी कि एक गरीब आदमी अगर 841 रुपये का सामान खरीदेगा, तो वह 84 रुपये का टैक्स देने का काम करेगा।

महोदय, मैं छोटी सी बात कहना चाहता हूं कि गरीबों की थाली से रोटी छीनकर अमीरों को मलाई खिलाना बंद कर दीजिए, इससे देश का भला नहीं हो सकता। अगर आप देश को कुछ दे सकते हैं, तो आप एजुकेशन फ्री कर दीजिए, फ्री एजुकेशन फॉर ऑल। फिर आपको फ्री में कुछ भी देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कल लोक सभा में एक सांसद ने बोला कि फ्री फंड का देते हैं, यह सरकार की उपलब्धि नहीं होती है। फ्री फंड का देना, फ्रीबीज़ देना कोई सरकार की उपलब्धि नहीं है। आपकी उपलब्धि तब होती है, जब आप अवाम को इतना ताकतवर बना दो कि वह महंगी से महंगी चीजें खरीद सके। आप एजुकेशन दीजिए, उनके लिए रोजगारपरक अवसर उत्पन्न कर दीजिए, वे ऑटोमेटिकली उन्हें खरीदना शुरू कर देंगे। इसलिए मेरा निवेदन है कि इन सब बातों पर ध्यान दिया जाए।...सर, अभी मुझे बोलते हुए दो मिनट ही हुए हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता): आपका टाइम दो मिनट ही है।

श्री रामजी : ठीक है, सर मैं कन्क्लूड कर रहा हूं। आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि आटा, दाल, चावल आदि जो रोजमर्रा की जरूरत की चीजें होती हैं, गरीब आदमी, आम आदमी जिस तरह से मजदूरी करके अपना घर चलाता है, उसे ध्यान में रखते हुए इसे वापस लिया जाए और दाल, आटा, गेहूं इत्यादि सामानों पर जो जीएसटी लगाया गया है, इसे खत्म कर दिया जाए, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Now, the hon. Minister.

THE MINISTER OF FINANCE; AND THE MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I thank all the Members who have gone into great detail in speaking about the issue. In fact, I would like to start by saying that I am indeed happy to be able to stand up here and give the reply to this debate and actually I would have but for Covid which hit me; I would have been here on the first day when the debate should have started. From my Party and from the Government, I would like to assure every Member in this House that in debates, particularly on such topics, we have always been keen to participate and respond because we strongly believe in parliamentary democracy. I have personally never been against giving replies. Sometimes, I do it a bit more than what is expected of me because I go to the extent of trying to answer every point raised which sometimes can mean a longer session of sitting and hearing more of the Minister's reply. Let me assure this House that debates are something which we respect and want to participate. I am glad that today we had this debate and I am here to respond to what the Members have spoken about.

Many of the Members seemed to have heard what I have spoken in the Lok Sabha yesterday. So, on many of the points, although they have been raised here, I would not elaborate too much. Of course, in honour of the Member who has raised it, I will respond somewhat but they have heard me on many of those issues in great detail having spoken in the Lok Sabha. So, I will try to keep it crisp on some of these points.

Sir, I started there and I really like to start here as well by saying that the Indian economy compared to the situation prevailing in many of our peer groups and compared to the situation in many of the developed economies, is definitely much better. But that does not mean that we are running away. Some of the Members have said that because of imported inflation, imported supply-chain related problems, global commodity prices, etc., we are being impacted. These are the realities and we are here to answer and discuss on them. Nobody is saying or nobody is in a denial about price rise. I mean even Prof. Ram Gopal Yadav spoke on this, he is not here now. *...(Interruptions)...* Thank you for correcting me. He said: "No; धरातल पर जाकर देखिए, नम्बर्स नहीं।" हम नम्बर्स भी देखेंगे और धरातल पर क्या हो रहा है, वह भी देखेंगे। हम भाग नहीं रहे हैं। यह भी सच्चाई है कि नम्बर्स के मुताबिक भी हमारे इन्फ्लेशन रेट का एक बैन्ड रहता है। 4 is the median point, -2 or +2 is what is normally accommodated and we are at 7 with some effort or it can be slightly more than 7 but we have made sure that the Reserve Bank of India and the Government, put together, are taking enough steps to make sure that it is kept in the band of 7 or ideally below 6. So, nobody is denying. Therefore, when we say, "Look at the world where some countries are experiencing inflation which they have not seen in 40 years, 35 years, 27 years", it does not mean that there is no inflation in this country. So, you know, it becomes very, very haranguing. That's not to say about you. If the debate constantly is only attributing things which we have not even said, so let's please, both on data and on धरातल. Thank you very much Prof. Ram Gopal Yadav. Constant interaction with the people, who are affected, is giving us inputs and based on which we are having a targeted approach from the pandemic until today when the recovery is going on. Through the targeted approach, we are reaching sections which so desperately need that help. Of course, yes, we can do a lot more. Nobody is denying that but that does not mean we are saying, "No, we won't do anything at all." Also, this very impressive narrative can go on, "Oh, you have collected so much from the fuel excise duty and the cesses and you are sitting with it and the poor person is not being given any help." I am sorry. I will list out and I will definitely list out what for the poor person even today, we are doing and we love to do more. That is not to say, "Oh you gave 50 people, you do not want to give the 51st." No, we will give but to think and

attribute to us that we are not doing anything for the poor, I am sorry. And the approach that, "You know, you have never done anything for the poor, you are always for Adanis and Ambanis", I am sorry I am compelled to take the names here, is absolutely politicizing a debate which is so necessary for the country because all of us together, some of us in our States, some of us as Members of Parliament in our respective constituencies, are working to make sure that the poor's voice is heard. We are trying to reach out. Some of the schemes which do not go down to the ground, we are making sure that is given to them. Each one of us is contributing in this recovery process. This recovery process is not purely on the economic recovery, also because of the pandemic. I am glad the Health Minister is also here; think about the efforts taken for vaccination which is so critical for the economy as well. Every Member has been keen to know about it and we have been constantly giving data to prove that everybody is in it so that the economic recovery can happen. So, I appeal to the august House that we speak both on facts and on the धरातल. It is not as if we are only throwing data at the people. In fact, most of the times we are accused of giving data which is not right. So, I am definitely emphasising that comparing with many of our peer group nations, emerging economies or even looking at some of the advanced economies, India's position, let's be somewhat comforted by the fact that our macro-economic fundamentals are strong. It is all very well for us to be told: "No, you should do some more here, some more there" but if you are denying that the macro-economic fundamentals are strong, I am sorry, you are not going to be taken seriously. Not by me. I will take you seriously. You are a Member of Parliament, I will honour you. But let us talk on what is actual and not what is generated, I do not know, by who. So with that, I just want to highlight one of the points which is important because we have a temptation to compare and that is not wrong. Please do compare with our neighbours, with economies which we thought are better than us. Probably, they were, and you wanted to tell us that they are better and why are we not. All that is fine, but please don't forget that today, the very same economies which were quoted to us saying that they are doing much better, India is not, because their policies are lot more friendly for industry. I am sorry. I am not revelling in countries which are suffering today. I honestly do want everyone of our neighbours, some of whose name I will take here to be better off, to be able to perform well. But today's situation, the reality is that some of these countries which have been quoted to us earlier, for one index or the other index, they are better than us, you are not, look at the reality please, hon. Members. Bangladesh, about which we are periodically quoted and we have great friendly relations with Bangladesh, and I am happy for it. And there was a time when we were quoted repeatedly saying,

"Bangladesh is doing well, you are not." But even on a reply to a Parliament question on 1st August, yesterday, I have given the data of what is the comparison which has got to be there. I just want to read it out. The per capita GDP at PPP in 2013 of Bangladesh, was 3,143 international dollars as I say it, but it is US Dollar. But in the same 2013, India's per capita GDP at PPP was 5,057; 3,143 *versus* 5,057. And in 2021, when we are repeatedly reminded saying, "You know Bangladesh is doing..." Even if they do well, very well. But I want to give you the number. In 2021, Bangladesh's per capita GDP at PPP is 6,613, whereas, ours is 7,334. So please do quote, but quote with facts. And again, I am underlining this point. I am not quoting miseries here, but because repeatedly we are being told, "Oh! You are next Sri Lanka. You are not anywhere near Bangladesh." But please understand the whole story everywhere. Bangladesh, today, is seeking from IMF 4.5 billion because they have balance of payment problems. And when I say when our macro economic fundamentals are strong, please, let us recognise that our macro economic fundamentals are strong. Sri Lanka, of course, is asking for 3.5 billions to the IMF. Pakistan in total, is asking in different stages for 7 billions from the IMF. There are times when we have also been told, "Oh, in India the petrol price per litre is this. Look at our neighbour Pakistan, look at our neighbour, Sri Lanka. That is the rate there. They are far lower than you." Let us consider it in a holistic way rather than piecemeal saying, "You are this, we are that, they are they." No! Today's economic distress throughout the world being what it is, let us look at it holistically rather than just throwing one *astra* here, so that, "Yes, good, I have done my job". No. Please, this is a very serious business and all of us are honestly, Members of this House, who will have to look at very seriously what kind of things can be done so further we are able to improve the lot of our people. Now I go to specific points raised by hon. Members because I would like to answer them. I am not going to get into greater details of other things which govern the macro economic situation. The first speaker, Elamaram Kareem*ji*, had raised a few things, which, I think, were not based on facts.

I would want to correct them. He spoke about bank cheques. I would like to say there is no GST on withdrawal of cash from bank. There is no GST. Please! And, today on very many things, I will say there is no 'this' and there is no 'that' on the GST, Sir, because the more I listen to issues related to GST, I have a concern that probably, the right information is not reaching and, as a result, there is quite a lot of misconception. I would today attempt to clear some of these misconceptions. First of all, there is no GST on the withdrawal, specifically on the cheque books. GST has been imposed on the bank cheque books when banks buy it from the printers of the cheque books, because banks will have to buy it in bulk. And, from them, when they

